राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 14 अंकः 343 पृष्ठः 08
RNI : UTTHIN/2009/31653
actionindiaddn@gmail.com
उत्तराखण्ड संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर, असम के सीएम हिमंत बिस्व आदर्श जीवन मूल्य पर आधारित किताब का विमोचन करते हुए।

## फास्ट न्यूज

### कर्नाटक में हिजाब से हटेगा बैन!

**मांड्या:** हिजाब पर प्रतिबंध हटाने की सीएम सिद्धारमैया की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कर्नाटक के मांड्या जिले की छात्रा मुस्कान का बयान सामने आया है। मुस्कान वही छात्रा हैं जिन्होंने एक हिंदू संगठन के एक समूह के खिलाफ 'अल्लाह हू अकबर' का नारा लगाया था।

**हिजाब हमारा अधिकार:** मुस्कान ने कहा कि हिजाब हमारा अधिकार है और हम सबको अब भाई-बहन की तरह रहने दें। शनिवार को मीडिया से बात करते हुए मुस्कान ने कहा कि हिजाब हमारी संस्कृति है। यह हमारा अधिकार है। मेरा मानना है कि हमें अधिकार मिलेगा। शिक्षा में कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।

छात्रा ने कहा, मैं सीएम सिद्धारमैया, मंत्री जमीर अहमद खान, स्पीकर यू.टी. खादर और डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार को धन्यवाद देती हूं। मैं उन्हें हमारे अधिकार वापस देने के लिए धन्यवाद देती हूं। उन्होंने हमारी संस्कृति का समर्थन किया है। हम भाइयों और बहनों की तरह कॉलेज में पढ़ते थे। ऐसा हमेशा होना चाहिए।

### कोरोना: सात महीने बाद सबसे ज्यादा केस

**नई दिल्ली:** देश में कोरोना के मामलों में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटे में 752 कोरोनो केस मिले हैं। 21 मई के बाद एक दिन में कोरोना के इतने ज्यादा मामले सामने आए हैं।

# 'युवा, गरीब, महिलाएं और किसान मेरे लिए चार जातियां'

## चार वर्गों को ध्यान में रखकर काम करना चाहिएः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बीजेपी पदाधिकारियों की बैठक में शामिल हुए। इस बीच उन्होंने युवाओं, गरीबों, महिलाओं और किसानों के हितों को बैठक के बीच रखा।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, बैठक में 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि चार वर्गों को ध्यान में रखकर काम करना चाहिए, उनके लिए युवा, गरीब, महिलाएं और किसान हैं।

**मेरे लिए केवल चार जातियां ही महत्वपूर्णः** इससे पहले 3 दिसंबर को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनावों में बीजेपी की जीत के बाद पीएम मोदी ने कहा था, कि इस चुनाव में देश को जातियों के आधार पर बांटने की कोशिश की गई। मैं कहता रहा कि मेरे लिए चार जातियां हैं ही महत्वपूर्ण हैं। जिनमें नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान और गरीब परिवार शामिल हैं।

**मिशन मोड पर भाजपाः** वहीं शुक्रवार को बैठक में पीएम मोदी ने सभी अधिकारियों से मिशन मोड में काम करने को कहा कि अधिकारियों को सोशल मीडिया पर अपने विचार व्यक्त करने और गरीबों के लिए केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित अधिक डेटा सोशल मीडिया के माध्यम से साझा करने के लिए कहा गया। विपक्षी दलों द्वारा किये जा रहे नकारात्मक प्रचार का तथ्यों के अनुरूप सकारात्मक उत्तर दें।



### पीएम मोदी का माइक्रो लेवल प्लान तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भाजपा से मुकाबले के लिए विपक्षी गठबंधन जहां अंतर्विरोधों और असमंजस के कुहासे से निकलने का प्रयास कर रहा है, वहीं सत्तारूढ़ पार्टी का दृष्टिकोण कतई स्पष्ट है कि विजय रथ की रणनीतिक राह क्या होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक में देशभर से जुटे पदाधिकारियों को माइक्रो लेवल प्लान का चुनावी मंत्र देते हुए सलाह दी कि राज्यों की जीत से अतिविश्वास में आने के बजाय जमीन पर मुस्तैद रहना होगा। भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक शुक्रवार शाम को पार्टी मुख्यालय में करीब साढ़े पांच घंटे चली, जिसमें लगभग डेढ़ घंटे तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पाठशाला चली। सूत्रों ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता वाली इस बैठक में पीएम मोदी ने चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में फीडबैक लिया

**उत्तर प्रदेश**, हरियाणा, राजस्थान सहित कुछ राज्यों के पदाधिकारियों से उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि बड़ी रैलियां हम सफलता से आयोजित कर लेते हैं, लेकिन भाजपा का वोट प्रतिशत 50 से ऊपर पहुंचाने के लिए जमीनी स्तर पर सक्रियता को बढ़ाना होगा। बूथ स्तर तक सक्रियता बहुत आवश्यक है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल के नेता एचडी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर उन्हें धन्यवाद दिया है। एक दिन पहले ही कुमारस्वामी ने अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा समेत भाई एचडी रेवन्ना, भतीजे प्रज्जवल रेवन्ना के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी। दोनों के बीच सीटों के बंटवारे पर चर्चा हुई। सूत्रों ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता वाली इस बैठक में पीएम मोदी ने चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान सहित कुछ राज्यों के पदाधिकारियों से उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में फीडबैक लिया।

# कर्ज के बोझ व बढ़ते खर्चों के दवाब तले हिमाचल की अर्थव्यवस्था

**टीम एक्शन इंडिया/ धर्मशाला/ चमन शर्मा**
**साल** दर साल बढ़ते कर्ज के बोझ में हिमाचल की अर्थ व्यवस्था की कमर तोड़ कर रख दी है। कर्ज के बढ़ते बोझ से प्रदेश सरकारों में राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के दावों की हवा भी निकल रही है। कर्ज का बोझ बढने. से सरकारें विकास कार्यों के लिए केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के सहारे हैं। बढ़ते कर्ज के बोझ ने एफआरबीएम एक्ट में किए गए सरकार के उन दावों की पोल भी खोल दी है जिनमें सरकार ने अनुपादक खर्चों में कटौती के साथ-साथ संसाधन जुटाने की बात कही है। शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन हिमाचल विधानसभा में नियंत्रक महालेखा परीक्षक कैग की वित्तीय वर्ष 2022-23 की रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट के मुताबिक बीते माली साल में सरकार ने 13 हजार 55 करोड़ रुपए कर्ज उठाया। कर्ज की इस राशि में वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में मौजूदा सरकार द्वारा ली गई ऋण की राशि भी शामिल है। साल 2021-22 में जहां प्रदेश पर 73 हजार 534 करोड़ रुपए कर्ज था वहीं 2022-23 में यह बढकर 86 हजार 589 करोड़ पहुंच गया है।

> **कमर टूटी**
> 8 बीते माली साल में सरकार ने उठाया 13 हजार करोड़ से अधिक का ऋण

### कांग्रेस ने घोषणापत्र समिति का गठन किया

**नई दिल्ली:** अगले साल होने वाला लोकसभा चुनावों किए कांग्रेस ने घोषणापत्र समिति का गठन किया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम को घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव को संयोजक नियुक्त किया गया है। इस सूची में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, कांग्रेस नेता जयराम रमेश, शशि थरूर और प्रियंका गांधी वाड्रा भी शामिल हैं। इससे पहले, 21 दिसंबर को कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा था कि सीडब्ल्यूसी ने सर्वसम्मति से आगामी लोकसभा चुनाव एक पार्टी के रूप में और इंडिया समूह के सदस्य के रूप में लड़ने का प्रस्ताव अपनाया है। प्रस्ताव में कहा गया कि सीडब्ल्यूसी हमारे महान संगठन के सभी सदस्यों से आशा और विश्वास के साथ एकजुट होने और चुनाव अभियान में समर्पण और अनुशासन के साथ खुद को समर्पित करने का आह्वान करती है।

### सऊदी अरब से कच्चा तेल लेकर मंगलुरु आ रहे पोत में आग



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अरब महासागर में एक व्यापारिक जहाज पर ड्रोन हमले के बाद आग लगने की खबर सामने आई है। इसे लेकर भारतीय नौसेना भी अलर्ट हो गई है। भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने बताया कि पोरबंदर तट से 217 समुद्री मील दूर अरब सागर में एक व्यापारिक जहाज एमवी केम प्लूटो में ड्रोन हमले के कारण आग लगने की आशंका है। ये जहाज इस्राइल का बताया जा रहा है। समाचार एजेंसी एएफपी मुताबिक, ब्रिटिश सेना की यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस और समुद्री सुरक्षा फर्म एंब्रे ने कहा कि एक व्यापारिक जहाज पर भारत के वेरवल के पास ड्रोन द्वारा हमला किया गया।

भारतीय रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, जहाज में कच्चा तेल है और यह सऊदी अरब के एक बंदरगाह से मंगलुरू की ओर जा रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग तो बुझ गई है लेकिन इसका असर कामकाज पर पड़ा है।






# 'गीता के उपदेशों से विश्व को मिल रहा संदेश'

## 'इस गीता स्थली ज्योतिसर से आज भी उपदेशों के माध्यम से पूरे देश का शान्ति का संदेश मिल रहा है'

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गीता स्थली ज्योतिसर में हजारो वर्ष पूर्व भगवान् श्रीकृष्ण ने कर्म के मार्ग पर चलने के लिए गीता के उपदेश दिए थे। इस गीता स्थली ज्योतिसर से आज भी उपदेशों के माध्यम से पूरे देश का शान्ति का संदेश मिल रहा है। जो व्यक्ति जो देश उपदेशों का अनुसरण करेगा वे निश्चित ही तरक्की करेगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल शनिवार को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में गीता स्थली ज्योतिसर में पवित्र ग्रंथ गीता की पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचे। इससे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल, असम के मुख्यमंत्री हिमांता बिसवा सारमा, विधायक सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री के




राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती, भाजपा महामंत्री डॉ. पवन सैनी ने सरकार की तरफ से करीब 206 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रहे ज्योतिसर अनुभव केन्द्र का अवलोकन किया और यहां पर असम के मुख्यमंत्री को प्रदेश सरकार के इस प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल व असम के मुख्यमंत्री हिमांता बिसवा सारमा ने गीता जयंती पर चल रहे यज्ञ में पूणार्हुति डाली और विश्व शान्ति के लिए पूजा की। इसके उपरांत पवित्र ग्रंथ गीता का पूजन किया और जिस वट वृक्ष के नीचे हजारो वर्ष पहले भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन का मोह भंग करने के लिए उपदेश दिए थे उस वटवृक्ष को भी देखा। उन्होंने भगवान् श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप को देखा और सभी मेहमानों के साथ यादगारी फोटो करवाया। इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस तीर्थ स्थल के सौंदर्यीकरण और आध्यात्मिक दृष्टि से कुछ सुधार करने के लिए अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने विचारों को सांझा करते हुए कहा कि इस पवित्र धरा पर आने वाले व्यक्ति के सारे पाप दूर हो जाते हैं और उसे पुण्य की प्राप्ति होती है। इसलिए इस पवित्र स्थल और तीर्थ को विकसित करने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से महाभारत थीम पर आधारित एक भव्य प्रोजेक्ट तैयार किया। यह प्रोजेक्ट मिनिस्ट्री ऑफ टूरिज्म द्वारा सेक्शन किया गया और स्वदेश दर्शन योजना के तहत श्रीकृष्ण सर्किट के अंतर्गत 8054.70 लाख रुपए का बजट पारित किया। इस बजट से ब्रह्म सरोवर, ज्योतिसर, नरकातारी, सन्निहित सरोवर व शहर के सौंदर्यीकरण पर खर्च किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने ज्योतिसर में महाभारत थीम पर आधारित भवन, आर्टिस्टिक प्रदर्शनी, थीमेटिक, मल्टीमीडिया प्रोजेक्ट के लिए 205.58 करोड़ रुपए का बजट पारित किया।

# हर वर्ग तक पहुंच रही है मोदी की गारंटी वाली गाड़ी: संजय छौक्कर

**समालखा (कुलदीप सिह )** **विकसित** भारत संकल्प यात्रा भापरा पहुंची जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता संजय छौक्कर ने शिरकत की उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के रूप में मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी हर वर्ग तक पहुंच रही है और इसका पूरा लाभ आमजन को मिल रहा है यह जन संवाद की एक सार्थक पहल साबित हो रही है। इस यात्रा के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मौके पर ही मिल रहा है। केंद्र व प्रदेश की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को अंत्योदय की भावना से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे समाज के हर वर्ग का उत्थान हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश ने ऊंचे मुकाम हासिल किए हैं।

विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने नारी शक्ति, किसान शक्ति, युवा शक्ति और गरीब उत्थान आदि बिंदुओं पर कार्य किया है। इस अवसर पर ए डी सी वीना हुड्डा उपमंडल अधिकारी अमित कुमार, राधे श्याम जिंदल,पार्षद रेनू धीमान,शहरी मंडल अध्यक्ष , पार्षद संजय गोयल, पार्षद अनिल कलीरमना व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डी पी एस पानीपत सिटी में वार्षिक खेल महोत्सव 2023 का सफल आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह )** **दिल्ली** पब्लिक स्कूल पानीपत सिटी में वार्षिक खेल महोत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया । इस खेल महोत्सव में समालखा के एस डी एम अमित कुमार मुख्य अतिथि उपस्थित थे। विद्यालय के प्रांगण में पधारने पर छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि का शानदार स्वागत किया गया तथा एस डी एम अमित कुमार के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया । तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया तथा मुख्य अध्यापिका सरिता विज ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया । इस अवसर पर स्कूल बैंड द्वारा प्रस्तुत मधुर धुन ने मुख्य अतिथि का मन मोह लिया।तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने खेल दिवस के आरंभ की घोषणा करते हुए सभी प्रतिभागियों को खेल भावना, निष्ठा एवं उत्साह से खेल खेलने की शपथ दिलवाई। इस खेल महोत्सव में डीपीएस पानीपत सिटी तथा डीपीएस पानीपत सिटी अंसल के लगभग सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ।कार्यक्रम का शुभारंभ समूह गान के साथ किया गया ।सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुत हरियाणवी नृत्य ने उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। नृत्य के माध्यम से हरियाणा की गौरवपूर्ण संस्कृति तथा वीरता का



प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा पांचवी तक के विद्यार्थियों ने जुंबा डांस, एवम् विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उपस्थित दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया । कक्षा छठी से कक्षा 11 वी तक के विद्यार्थियों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर तथा रिले रेस के अतिरिक्त लॉन्ग जंप , हाई जंप, शॉट पुट, रस्सा खींच आदि विभिन्न खेलों का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं की समाप्ति के पश्चात द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया । मुख्य अतिथि अमित कुमार ने सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें बच्चों के साथ सकारात्मक रवैया अपनाना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों को सुझाव देते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेलों की ओर भी प्रोत्साहित करना चाहिए। विद्यार्थियों को खेलों के महत्त्व के प्रति जागरूक करना चाहिए। खेल में जीतने से अधिक भाग लेना महत्त्वपूर्ण है। विद्यार्थियों के लिए इस खेल महोत्सव को आयोजित करने के लिए उन्होंने डी पी एस पानीपत सिटी के प्रयासों की भरपूर सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया ने मुख्य अतिथि एवं अभिभावकों का विद्यालय के प्रांगण में पधारकर खेल महोत्सव को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया । उन्होंने सभी विद्यार्थियों , अध्यापकों तथा अभिभावकों के अथक प्रयासों की सराहना की तथा खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि खेल हमारी शारीरिक और मानसिक स्थिति को सुधारने का अद्वितीय माध्यम है। खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेल हमें विज्ञान, मनोविज्ञान, समय की पाबंदी, अनुशासन और नैतिकता की महत्वपूर्ण शिक्षाएं भी प्रदान करते हैं। इस मौके पर डीपी कश्मीर सिह , कंवलजीत राठी , सम्राट दहिया त्रिलोक सिह सुरत दहिया कोमल रावल रणदीप तोमर आदि मौजूद थे।

# आइबीएम अस्पताल में हुआ सर्वधर्म गीता पाठ

**पानीपत/कमाल हुसैन** जाटल रोड स्थित आइबीएम अस्पताल में भी अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव मनाया गया। खास बात ये है कि हिंदू, मुस्लिम, सिख एवं ईसाई धर्म के लोगों ने यहां गीता का पाठ किया। पंडित निरंजन पाराशर, सुमित कुमार, मोहम्मद मुंसाद, मोहम्मद जिशान, मोहम्मद अमजद, असलम, सरपंच रफाकत हसन,हैप्पी सिंह, कंवलजीत, जोसेफ, क्रिस्टीना ने एकसाथ गीता का पाठ करवाया। आइबीएम अस्पताल की निदेशक रीना श्रीवास्तव ने बताया कि 11 बजे सामूहिक रूप से एक मिनट का पाठ हुआ। स्वामी ज्ञानानंद ने गीता का संदेश पहुंचाने के लिए जो महत्वपूर्ण संकल्प लिया है।

# 'योग व ध्यान प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग, पंचकूला द्वारा आयोजित आठ दिवसीय ध्यान योग शिविर के सातवें दिन पतंजलि योग समिति एवं महिला पतंजलि योग समिति द्वारा योगाभ्यास करवाया गया । हरियाणा योग आयोग के प्रथम रजिस्ट्रार डॉ हरिश्चंद्र, आयोग के सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा, महिला पतंजलि योग समिति से डॉ निरुपमा भट्टी, हार्टफुलनेस से लवलीना व शिविर की सभी सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. डॉ. शुचि स्मिता व विशिष्ट अतिथि ब्रह्मानंद आश्रम की साध्वी रामदेवी का पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह से स्वागत, अभिनंदन व सम्मान किया । दोनों योग समितियों की ओर से आयोग




के रजिस्ट्रार डॉ राजकुमार, प्रथम रजिस्ट्रार डॉ हरिश्चंद्र, सदस्य जयपाल शास्त्री, पंकज कुमार व नरेश पुनिया का माल्यार्पण कर अभिनंदन व समृति चिन्ह से सम्मान किया गया । आयोग की ओर से पतंजलि योग समिति के मीडिया प्रभारी महेंद्र कैंथला व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंजाब प्रांत के कुटुंब प्रबोधन प्रभारी संजीव मित्तल का भी अभिनंदन व सम्मान किया गया । सभी अतिथियों, आयोग के अधिकारियों व योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । हंसराज ठाकुर व पाला राम ने सुंदर भजन प्रस्तुत किये । पाला राम ने श्रीमद् भागवत गीता के श्लोकों का उच्चारण, बलविंदर ने शिव तांडव धुन पर सुंदर सूक्ष्म व्यायाम, राम सैनी ने योगासन तथा कुलवंत सिंह ने प्राणायाम एवं ध्यान साधना का अभ्यास करवाया । मीडिया प्रभारी महेंद्र केंथला ने पतंजलि योग समिति व इसकी भावी योजनाओं के बारे में बताया तथा योग गुरु स्वामी रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण के योगदान पर भी प्रकाश डाला। डी ए वी पुलिस पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने अपने प्रशिक्षक सौरभ के नेतृत्व में योगासन खेल की बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। आयोग द्वारा सभी विद्यार्थियों व प्रशिक्षक सौरभ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# छात्रों ने किया गीता के श्लोको का उच्चारण

**समालखा/कुलदीप सिंह** **अंतर्राष्ट्रीय** गीता महोत्सव के अंतर्गत जीवीएम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गीता के श्लोको का उच्चारण कर पूरे स्कूल को गीतामय बना दिया गया। कक्षा नर्सरी से लेकर 11वीं तक के सभी विद्यार्थियों व उनकी अध्यापिकाओं ने गीता के श्लोको का उच्चारण किया। बच्चों ने इस उत्सव पर भजन कीर्तन भी किया । स्कूल प्रधानाचार्य पम्मी ठकराल व उप- प्रधानाचार्य मीनाक्षी बरतवाल ने बच्चों को बताया



कि गीता मे बताए मार्ग पर चलने व उनसे शिक्षा लेने की सभी को जरूरत है।

उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व गुरु होगा। स्कूल प्रबंधक राधे श्याम जांगड़ा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गीता हमें कर्म करना सिखाती है जो गीता के संदेश पर अपना जीवन यापन करता है वह हमेशा सफल होता है।

# 'लाडवा हल्के को मिले तीनों विधायकों ने हल्के में कोई विकास कार्य नहीं करवाया'



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा(दलबीर मलिक)** लाडवा के गांव डूडी में शनिवार को ग्रामीणों द्वारा समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि वह लाडवा हल्के की जनता को अपना परिवार मानते हैं और लाडवा हल्के की जनता के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य यह है कि लाडवा हल्के की जनता को कोई परेशानी न हो। उनके द्वारा कई जनहित के कार्य लाडवा हल्के की जनता के लिए करवाई जा रहे हैं और आगे भी निरंतर इस प्रकार के कार्य जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा व विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं। इस बार हल्के के जनता ऐसी कोई गलती न करें, ऐसे किसी भी व्यक्ति को लोकसभा या विधानसभा में न भेजे, जो लाडवा हल्के के विकास करवाने में सक्षम न हो। उन्होंने कहा कि अभी तक लाडवा विधानसभा को तीन विधायक मिले हैं। परंतु तीनों में से किसी ने भी लाडवा हल्के में कोई विकास कार्य नहीं करवाया, केवल वोट लेने के समय जनता से झूठे वायदे किये। आज भी लाडवा हल्के के कई कार्य अधूरे पड़े हैं। जैसे कि लाडवा में बाईपास, सरकारी अस्पताल को बड़ा करवाना, गर्ल्स कॉलेज आदि। वहीं इससे पूर्व ग्रामीणों द्वारा उनका गांव में पहुंचने पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।

**परिवार**

**8 समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि वह लाडवा हल्के की जनता को अपना परिवार मानते हैं**

# नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम में नशा न करने की दिलवाई शपथ

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके जीवन का लक्ष्य क्या है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आप के जीवन में विभिन्न चुनौतियों का सामना करना होगा। उन्होंने आगे प्रश्न किया आपके जीवन में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति कौन है जो आपका सदा भला चाहते हैं। प्रतिभागियों ने कहा माता पिता। उन्होंने बातचीत के माध्यम से स्वयंसेवकों के साथ बात करते हुए अनेक प्रश्न किए और पूछा क्या किसी माता पिता अथवा शिक्षक ने उन्हें कभी भी किसी प्रकार का नशा करने के लिए कहा तो सबका उत्तर ना में था। इस प्रकार वातालार्प को आगे बढ़ाते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि यह सिद्ध हो गया कि मनुष्य के लिए किसी भी प्रकार का नशा अच्छा नहीं है।

# ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया क्रिसमस

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में शनिवार को क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छोटे-छोटे, नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सेंटा क्लॉज की पोशाक पहनकर सभी को उपहार बांटे और जिंगल बेल गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने प्रभु यीशु के जन्म से संबंधित झांकी व गीत प्रस्तुत किए। बच्चों ने क्रिसमस से संबंधित पोस्टर के माध्यम से यह संदेश दिया कि सांता क्लॉज अपने साथ खुशियां व उपहार लाते हैं । जीवन को सुखमय बनाने में शांति और अहिंसा का अभूतपूर्व योगदान है। इससे पहले स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय



जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।

इस अवसर पर चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि क्रिसमस का पर्व शांति, प्रेम एवं भाईचारे का संदेश देता है । उन्होंने कहा कि ईसा मसीह ने एक इंसान के रूप में धरती पर जन्म लिया और मानव जाति का उद्धार किया । प्रभु यीशु ने अपने जीवन को मानव कल्याण के लिए न्योछावर कर दिया । ईसा मसीह कहते थे कि दीन-दुखियों की सेवा संसार का सबसे बड़ा धर्म है। सीईओ संजय जैन ने कहा कि क्रिसमस शांति का संदेश देता है। शांति के बिना किसी का अस्तित्व संभव नहीं है। इसी वजह से विश्व शांति का संदेश देने वाला क्रिसमस का पर्व किसी एक देश में नहीं, बल्कि दुनियाभर में धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि संत निकोलस ने अपना पूरा जीवन यीशु को समर्पित कर दिया था। वे यीशु के जन्मदिन के मौके पर रात के अंधेरे में बच्चों को गिफ्ट दिया करते थे। यही संत निकोलस बच्चों के लिए सेंटा क्लॉज बन गए और वहां से यह नाम विश्व भर में लोकप्रिय हो गया।

# जिला प्रेस क्लब सोनीपत की वार्षिक बैठक एवं समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत ( संजीव कौशिक )** **सोनीपत** के सागर रेस्टोरेंट में आज वर्ष 2002 से चली आ रही जिला प्रेस क्लब सोनीपत की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित कई खिलाड़ियों, नेताओं व समाजसेवियों को उनके कार्य शैली को देखते हुए उन्हें मोमेंटो देकर एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

सोनीपत के एटलस रोड स्थित सागर रेस्टोरेंट में जिला प्रेस क्लब सोनीपत की वार्षिक बैठक एवं समारोह का आयोजन जिला प्रेस क्लब के संरक्षक डॉक्टर दर्शन लाल मल्होत्रा व पूर्व प्रधान राजेश कुमार खत्री की अध्यक्षता में जिला प्रेस क्लब सोनीपत के प्रधान राजेश आहूजा के नेतृत्व में किया गया। बैठक के दौरान आरम्भ में सबसे पूर्व



जिला प्रेस क्लब सोनीपत के महासचिव श्याम सुन्दर शर्मा द्वारा लेखा-जोखा दिया गया। जिसमें जिला प्रेस क्लब के सदस्यों द्वारा आई फीस व अन्य जगह से आई डोनेशन आदि का विवरण दिया गया। साथ ही खर्चे का ब्यौरा भी दिया गया।

बैठक के दौरान कई मुख्य एजंडों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान उभरते खिलाड़ी सावन कुमार दहिया, खिलाड़ी मार्टिन, पक्षियों को दाना डालने व उनके रहने व इलाज करने वाले पक्षी प्रेमी एवं समाजसेवी पवन, जरूरतमंद बच्चों की सहायता करने वाले जिला सोनीपत निवासी दिल्ली पुलिस के अमित, मंदबुद्धि बेसहारा व्यक्तियों को दिल्ली के अपनाघर आश्रम भेज कर उनका इलाज करवाने वाले समाजसेवी जगत सिंह, शिक्षा क्षेत्र में जरूरतमंद बच्चों की सहायता करने वाले अमन एवम डॉक्टर सुबोध दहिया, मीना नरवाल, एडवोकेट मनीष, एडवोकेट गजे सिंह, महिलाओं की सुरक्षा के प्रति आवाज उठाने वाले सुरेन्द्र बानिया आदि को उनकी समाज के प्रति सेवा को देखते हुए पटका पहना कर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं पूर्व विधायक सुखबीर फरमाना, सोनीपत के विधायक सुरेंद्र पंवार, हरियाणा के मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन, जेजेपी पार्टी के पवन आदि को भी इस अवसर पर पटका पहनकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विशेष रूप से आमंत्रित डीआईपीआरओ बिजेन्द्र को भी उनके विचार सुनने से पूर्व पटका पहनाकर एवं मोमेंट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों, समाजसेवियों, नेताओं, पत्रकारों ने अपने-अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पत्रकारों को भी पटका पहनाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिला प्रेस क्लब के प्रधान राजेश आहूजा ने बताया कि जिले के कुछ अन्य पत्रकार भी इस प्रेस क्लब में जुड़ना चाहते हैं। जिसपर उनके आमंत्रण लेने के लिये कहा गया। कार्यक्रम के अंत में जलपान एवं भोजन का भी आयोजन किया गया व उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों, समाजसेवियों व नेताओं का अपना कीमती समय देने पर जिला प्रेस क्लब सोनीपत द्वारा आभार प्रकट किया गया।

# 'भय, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी की समाप्ति हेतु कांग्रेस पार्टी को मजबूत करें युवा'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** सूर्य प्रताप सिंह राठौर प्रदेश सचिव हरियाणा भारतीय युवा कांग्रेस , प्रभारी कैथल व गुहला विधानसभा ने सभी युवाओं व कांग्रेस पार्टी को चाहने वालों से अपील की है कि भय और भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के चलते हरियाणा प्रदेश की जनता को राहत दिलवाने हेतु एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी के हाथ मजबूत करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी चंदे के रूप में सभी से अपेक्षा करती है कि कांग्रेस पार्टी की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए डोनेट फॉर एप के माध्यम से चंदा दें ताकि कांग्रेस पार्टी आर्थिक मजबूती के



साथ बेरोजगार युवाओं के लिए लड़ाई लड़ सके। राठौर ने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश में भाजपा जजपा गठबंधन से प्रदेश की जनता त्राहि त्राहि कर रही है। चारों तरफ भय, भ्रष्टाचार और महंगाई तथा बेरोजगारी का आलम है ।इन सब से छुटकारा पाने के लिए प्रदेश की जनता सन् 2024 में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने का मन बन चुकी है। राठौर ने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है जिसमें देश के प्रधानमंत्री राहुल गांधी बनेंगे। उन्होंने लोकसभा से सांसदों को निलंबित किए जाने पर भी भाजपा सरकार आलोचना की है। राठौर ने कहा कि भाजपा सरकार जुमलेबाज सरकार है जो की चुनाव के समय जनता से किए वायदों से मुकर जाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर आखिरी पंक्ति में बैठे व्यक्ति को मूलभुत्व सुविधा मुहैया करवाई जाएगी।

# वेदों को अधिक से अधिक लोगों तक ले जाना गुरुकुल की जिम्मेदारी : जगदीप धनखड़

## जगन्नाथ भगवान की पूजा-अर्चना कर आश्रम के परमाध्यक्ष परमानंद दास, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद ने यात्रा को किया रवाना

**महाकुंभ**

8 उन्हें पूरा विश्वास है कि इस महाकुम्भ के मंथन की गूंज देश के सभी विश्वविद्यालयों तक जाएगी



**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वेद भारत की सांस्कृतिक धरोहर हैं और वेदों के ज्ञान को आम जनमानस तक ले जाना होगा। गुरुकुल विश्वविद्यालय की पुण्य भूमि इस कार्य के लिए उपयुक्त है। बतौर अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ये बातें शनिवार को त्रिदिवसीय वेद-विज्ञान, संस्कृति महाकुम्भ और अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के उद्घाटन अवसर पर विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि संस्कृति विरोधी ताकतों पर प्रतिघात होना चाहिए। भारत की गौरवशाली संस्कृति है और इसके वैभव से समस्त विश्व परिचित रहा है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय दर्शन और वैदिक ज्ञान का पुरातन और प्रतिष्ठित केंद्र रहा है। उन्हें पूरा विश्वास है कि इस महाकुम्भ के मंथन की गूंज देश के सभी विश्वविद्यालयों तक जाएगी। विशिष्ट अतिथि और उत्तराखंड के राज्यपाल ले. ज. गुरमीत सिंह ने कहा कि वेदों से हमें आत्म ज्ञान मिलता है और युवा शक्ति को आत्म मूल्य को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा पद्धति और वैदिक ज्ञान-विज्ञान ने चरित्र निर्माण का कार्य किया है। वर्तमान में वैदिक ज्ञान को आधुनिक ज्ञान और तकनीकी के साथ समेकित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संत, सैनिक,सिख और शिक्षक एक की श्रेणी के होते हैं जो राष्ट्र के उन्नयन में अपना योगदान देते हैं। अति विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय राष्ट्र की धरोहर है। इसने राष्ट्रसेवी नागरिक देश को समर्पित किए हैं। उन्होंने कहा कि देश को विश्व गुरु बनाने के लिए हमें वेदों की ओर लौटना होगा। इस उद्देश्य की दिशा में यह महाकुम्भ वेदों के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि भारतीय संस्कृति और राष्ट्र उन्नयन के लिए मिल-जुलकर कार्य करें।
वेद विज्ञान संस्कृति महाकुम्भ के मुख्य संरक्षक और बागपत सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह ने कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द स्वराज और संस्कृति के लिए लड़े। विज्ञान विषयों को हिन्दी में पढ़ाने के कार्य भी गुरुकुल ने ही किया था। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानन्द की 200वीं जयंती वर्ष को राष्ट्र स्तर पर मनाने का उल्लेखनीय कार्य प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुआ है। इसके लिए राष्ट्र उनके प्रति आभारी है। उन्होंने कहा कि गुरुकुल एक तीर्थ भूमि है, जिसने आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। नारी शिक्षा के लिए स्वामी श्रद्धानन्द के अथक प्रयासों के प्रति हमें कृतज्ञ होना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के सम्मान में अभिनंदन पत्र का संस्कृत में वाचन किया। समस्त अतिथियों का प्रतीक चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय मलिक ने किया।


क्षेत्रीय विधायक और कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का देवभूमि आगमन पर स्वागत किया।

## सादगी से मना शांतिकुंज अधिष्ठात्री का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख शैलदीदी का 71वां जन्मदिन सादगी से मनाया गया। इस दौरान वैदिक पद्धति से दीपमहायज्ञ के साथ जन्मदिवस मनाया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या ने मंगल तिलक कर पुष्पाहार भेंट किया। पश्चात शांतिकुंज, देसंविवि परिवार ने पुष्पगुच्छ भेंटकर दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की मंगलकामना की। तो वहीं शांतिकुंज के नौनिहालों ने भी अपनी शुभेच्छा प्रकट की। देश विदेश के गायत्री परिजनों ने भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। शैलदीदी ने गायत्री परिवार के संस्थापकद्वय पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के बाद जहां कुशल संगठक के रूप में इस परिवार की बागडोर संभाली, तो वहीं उन्होंने नारी सशक्तिकरण के तहत देश-विदेश में नारियों को पर्दाप्रथा, मूढ़मान्यताओं से निकालकर उन्हें न केवल घर, परिवार समाज में समुचित सम्मान दिलाया है, अपितु धर्म-अध्यात्म से जोड़कर वैदिक कर्मकाण्ड परंपरा में पारंगत किया और उन्हें ब्रह्मवादिनी की भूमिका संचालित करने योग्य बनाया।

## एमजी मोटर इंडिया ने लॉन्च की कोमेट ईवी-तीन वेरिएन्ट्स- पेस, प्ले और प्लश में स्मार्ट इलेक्ट्रिक व्हीकल

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी मोटर इंडिया ने 99 सालों की धरोहर के साथ हाल ही में अनावरण की गई स्मार्ट इलेक्ट्रिक कार एमजी कोमेट ईवी के तीन वेरिएन्ट पेस, प्ले और प्लश लॉच किए हैं। पत्रकारों से बातचीत में एमजी के ग्रुप ट्रेनर अनूप ने बताया कि स्मार्ट इलेक्ट्रिक कार एमजी कोमेट ईवी भारत में अरबन मोबिलिटी के नए दौर की शुरूआत करेगी। जीएसईवी प्योर इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म पर आधारित कोमेट स्लीक और रूमी डिजाइन के साथ आती है जो शहर में परिवहन का सहज एवं तनाव मुक्त अनुभव प्रदान करती है। कोमेट ईवी एमजी मोटर इंडिया का दूसरा इलेक्ट्रिक वाहन है जो स्टाइल, टेक्नोलॉजी और स्थायित्व का बेहतरीन संयोजन है, साथ ही अपने बेजोड़ सुरक्षा फीचर्स के साथ ड्राइव को पूरी तरह से सुरक्षित बनाता है। यह वेरिएन्ट शानदार स्टाइल के साथ आता है और उपभोक्ता ऐड-ऑन्स, एक्सेसरीज एवं फंकी बॉडी रैप्स और कूल स्टिकर्स की व्यापक रेंज के साथ इसे अपना पर्सनल स्टेटमेन्ट बना सकते हैं। कोमेट ईवी का पेस वेरिएन्ट 7.89 लाख रुपये की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध है। वहीं प्ले और प्लश वेरिएन्ट क्रमशः 9.28 लाख और 9.98 लाख (एक्स-शोरूम) कीमत पर उपलब्ध हैं। यह ऑफर पहली 5000 बुकिंग्स के लिए सीमित है। लॉच पर बात करते हुए एमजी मोटर इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गौरव गुप्ता ने बताया कि कोमेट एक वाहन से कहीं बढ़कर है?, यह शहर के भारी ट्रैफिक के बीच परिवहन का सुरक्षित एवं आरामदायक समाधान है। इसके तीन वेरिएन्ट्स उपभोक्ताओं को मन की शांति देते हैं। यह कस्टमाइजिंग के कई विकल्पों के साथ आती है जिनके साथ आप कोमेट ईवी को अपना खुद का स्टाइल स्टेटमेन्ट बना सकते हैं, तो यह पहियों पर दौड़ने वाला आपका अपना गैजेट होगा।
कोमेट ईवी स्पेशल एमजी ई-शील्ड के साथ आती है, यह सोच समझ कर डिजाइन किया गया पैकेज है जिसमें मरम्मत और सर्विस की लागत भी कवर की जाती है।

## विश्वविद्यालय बनाने में राज्यपाल का सहयोग मांगा

**नई टिहरी:** टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने राज्पाल गुरमीत सिंह को पत्र लिखकर रानीचौरी परिसर को वानिकी विश्वविद्यालय बनाने की मांग की है।
इसके साथ ही पत्र के माध्यम से राज्यपाल से हिमालय के संरक्षण को लेकर ठोस प्रयासों की पहल की अपील करते हुए कहा कि हिमालय में वह शक्ति है कि वह देश को पुनः सोने की चिड़िया बना सकता है। राज्यपाल को लिखे पत्र में विधायक ने उन्हें अवगत कराया कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में कृषि व बागवानी का लेकर आपका उद्बोधन प्रेरणाप्रद रहा है। यह विश्वविद्यालय 2006 में मेरे प्रयासों से स्थापित हुआ और 6 माह तक रानीचौरी में रहा। इसके बाद अज्ञात कारणों से विश्वविद्यालय मुख्यालय के अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया।

## अवैध खनन और ओवर लोडिंग में ट्रक सीज



**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार, अवैध खनन** और ओवरलोडिंग में लिप्त वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पुलिस ने चार ट्रकों को सीज किया है। अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस टीम रात्रि गश्त पर थी। इसी दौरान कोतवाली लक्सर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध खनन और ओवर लोडिंग में चार ट्रक, ट्राला एचआर 58सी 9440 18 टायरा, यूपी 12 बीटी 689118 टायरा, एचआर 58सी 7261 22 टायरा व यूपी 15 डीटी 7545 22 टायरा को सीज किया। वाहनों को सीज करने के बाद पुलिस वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

**कार्रवाई**

8 डीटी 7545 22 टायरा को सीज किया। वाहनों को सीज करने के बाद पुलिस वैधानिक कार्रवाई कर रही है

## संक्षिप्त खबरें

### हर की पौड़ी पर एक साथ एक मिनट गीता पाठ का हुआ आयोजन



**हरिद्वार।** गीता जयंती के अवसर पर शनिवार को हरकी पैड़ी ब्रह्मकुंड पर गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज के आह्वान पर एक साथ एक मिनट गीता पाठ का आयोजन किया गया। देश भर में होने वाले कार्यक्रम के तहत श्री गंगा सभा के नेतृत्व में जगन्ननाथ आश्रम के अध्यक्ष महंत अरुणदास महाराज के सानिध्य में सैंकड़ों साधु–संतों एवं वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा गीता के प्रथम, मध्यम एवं अंतिम मंत्र का पाठ किया गया। महंत अरुणदास ने कहा कि गीता मनीषी ज्ञानानंद के आह्वान पर देश भर में हो रहे इस कार्यक्रम गीता के प्रति एक नया जनजागरण होगा तथा मां गंगा के पावन तट और गंगा के लाखों भक्तों के बीच इन मंत्रों का उच्चारण सनातन की विश्व पताका का मजबूत आधार स्थापित हुआ है। श्री गंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम ने कहा कि श्री गंगा सभा इस कार्यक्रम का सहभागी बन गीता की अलख जगाने का गवाह बना है। यह एक अच्छी शुरूआत है, इससे गीता में प्रति जागृति एवं सकारात्मक संदेश जाएगा। महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने कहा कि गंगा हमारी संस्कृति एवं सनातन का आधार है तथा गीता सनातन का सार है। उन्होंने कहा कि हम आज ही से संकल्प लें नित्य गीता का अध्ययन भी करना चाहिए। गीता में जो भी बातें कही गई हैं उनका अनुसरण कर अपने जीवन में सुख और शांति की अनुभूति करनी चाहिए। इस अवसर पर गंगा सेवक दल सचिव उज्ज्वल पंडित, सचिव समाज कल्याण अवधेश कौशिक, शशिकांत शर्मा, अभिषेक गुप्ता, हिमांशु वशिष्ठ आदि उपस्थित थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा प्रिंसी पांडे का बाल वैज्ञानिक के लिए हुआ चयन



**जोशीमठ:** सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र का उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में बाल वैज्ञानिक के लिए चयन हुआ है। यह राज्य स्तरीय कांग्रेस का आयोजन विज्ञान धाम, देहरादून में 21 दिसंबर से 23 दिसंबर 2024 किया जा रहा है। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जोशीमठ की दो बाल वैज्ञानिक प्रिंसी पांडे और स्नेहलता पंवार अपनी अपनी परियोजनाओं के साथ राज्य स्तरीय आयोजन में प्रतिभाग किया। विद्यालय की बाल वैज्ञानिक प्रिंसी पांडे अपनी परियोजना के साथ राष्ट्रीय स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए चयनित हुईं। यह विद्यालय ही नहीं सीमांत क्षेत्र जोशीमठ और जनपद चमोली के लिए अत्यंत गौरव की बात है। खेलों के में क्षेत्र में भी विद्यालय के छात्र छात्राएं बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ टेबल टेनिस अंडर 14 में विद्यालय की तीन छात्राएं खुशी नेगी, दिया सैनी व अंशिका नेगी ने जनपद चमोली के लिए तीन सिल्वर मेडल जीते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य शम्भू प्रसाद चमोला, प्रबंधक हरेंद्र पवार, अध्यक्ष भुवन चंद्र उनियाल, उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद कपरूवाण ने विद्यालय के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिभावान छात्र–छात्राओं एवं विद्यालय के आचार्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। विद्यालय सीमांत क्षेत्र में अनेक उपलब्धि हासिल करके क्षेत्र का गौरव बढ़ा रहा है। विद्यालय प्रबंध समिति एवं अभिभावकों ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

## कंपनी से केबल की चोरी करते दो को पकड़ा, भेजा जेल




**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
पुलिस ने कंपनी से केबल चोरी करने के मामले में कंपनी के दो कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पिरान कलियर थाना क्षेत्र के मुकर्रबपुर स्थित वी मार्क इंडिया लिमिटेड कम्पनी के अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कम्पनी में शुक्रवार की रात ठेकेदार के कर्मचारी विनीत कुमार और राजेश ने कम्पनी के स्टोर से 80 किलो कॉपर केबल के टुकड़े चोरी कर लिए ओर उनको कम्पनी की दीवार के ऊपर से बाहर फेंक दिया। इस दौरान उन्हें सुरक्षा में तैनात सिक्योरिटी गार्ड और कम्पनी कर्मचारियों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पकड़े आरोपितों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र शाह ने बताया कि राजेश निवासी सोहलपुर और विनीत निवासी गोविंदपुर माजरा बहदराबाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## शहरी विकास मंत्री ने कराया गीता के श्लोक का वाचन

**शिविर**

8 सांसारिक मोह के बंधन से मुक्ति दिलाने के लिए गीता का पाठ करना फलदायी : प्रेमचंद



**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश**
गीता जयंती के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक और मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज में गीता के तीन श्लोकों का वाचन कराया। शनिवार को गीता की एक पुस्तक हर घर रखने का आह्वान किया। इस दौरान 1800 स्कूली बच्चों ने गीता के श्लोक का वाचन किया। साथ ही बच्चों द्वारा गीता जयंती पर बनाई गए पोस्टर का भी मंत्री डा. अग्रवाल ने अवलोकन किया।
श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज के प्रार्थना सभा में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री डा. अग्रवाल ने कहा कि सांसारिक मोह के बंधन से मुक्ति दिलाने में प्रतिदिन गीता का पाठ करना बहुत फलदायी माना गया है। उन्होंने कहा कि गीता में इतनी शक्ति है कि कुरुक्षेत्र में जब अर्जुन अपनों को देखकर युद्ध लड़ने से पीछे हट गए थे तो कृष्ण ने गीता के उपदेश देकर उन्हें सही अच्छे और बुरे, पाप-पुण्य का अंतर समझाया। जिसके बाद अर्जुन ने युद्धभूमि में जीत हासिल की थी। डा. अग्रवाल ने कहा कि लोगों के जीवन में श्रीमद्भागवत गीता का महत्वपूर्ण स्थान है। आज सनातन धर्म के प्रति बड़ी संख्या में विदेश से भी जुड़ना चाहते हैं। आज किसी भी अच्छे कार्य पर श्रीमद्भागवत गीता का आयोजन किया जाता है। डा. अग्रवाल ने लोगों से अपने घर में गीता पुस्तक रखने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि गीता यदि संभव हो सके तो पॉकेट में भी रखें। इस मौके पर प्रधानाचार्य मेजर गोविंद सिंह रावत, मण्डल अध्यक्ष भाजपा सुमित पंवार, पार्षद शिव कुमार गौतम, संजीव पाल, रूपेश गुप्ता, अभिनव पाल, उप प्रधानाचार्य यमुना प्रसाद त्रिपाठी, सुनील थपलियाल, रंजन अंथवाल, प्रवीण रावत, रंजना, शकुंतला, नीलम जोशी, सुशीला, धंनजय रांगड़, संजीव चौधरी, विकास नेगी, रमेश बुटोला आदि उपस्थित रहे।

# अयोध्या में भगवान श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा समारोह : ऋषिकेश में जनवरी से भक्ति उत्सव

## ऋषिकेश के तमाम गांव, मोहल्लों में राम भक्त हनुमान चालीसा का पाठ करने के साथ घरों में जलाएंगे दीपक

**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश।**
आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए तीर्थ नगरी ऋषिकेश के गांवों, मोहल्लों और कॉलोनियों में स्थित मंदिरों में राम भक्त एकत्रित होकर हनुमान चालीसा, भजन शंख ध्वनि,घंटे-घड़ियाल बजाने के साथ भगवान की आरती करेंगे। सायंकाल में श्रीराम जय राम, जय जय राम विजय महामंत्र का 108 बार सामूहिक जाप कर अपने घरों को लड़ियों से सजाते हुए पांच दीपक जलाएंगे। यह निर्णय आदर्श ग्राम स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक भारत भूषण कुंदनानी की अध्यक्षता और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कार्यक्रम संयोजक दीपक तायल के संचालन में आयोजित राम भक्तों की बैठक में लिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक नितिन कुमार ने बताया कि 25 दिसंबर को जिला स्तर पर सभी समितियां का एक कार्यक्रम त्रिवेणी घाट पर आयोजित किया गया है, जहां जिला टोलियां को अयोध्या से आए अक्षत कलशों का वितरण किया जाएगा। उसके पश्चात 27 दिसंबर को ऋषिकेश की तमाम नगर में बनी टोलियों को अक्षत कलश सौंपे जाएंगे। जिन्हें टोलियां अपने-अपने मोहल्ले में धूमधाम के साथ ले जाए जाने के उपरांत अपने मोहल्ले के मंदिरों में स्थापित करेंगी। इसके पश्चात सभी राम भक्तों की टोलियां एक जनवरी से प्रत्येक घर में अयोध्या से आए अक्षत (हल्दी लगे चावल )भगवान श्री राम के मंदिर का चित्र व कार्यक्रम संबंधी पत्रक श्रद्धा पूर्वक पहुंचाए जाने का कार्य करेंगे। और उनसे आग्रह करेंगे कि वह 22 जनवरी को अपने मोहल्ले के व घर में स्थापित किए गए मंदिर में स्थित देवी- देवता का भजन कीर्तन आरती पूजा के साथ श्री राम जय राम जय जय राम विजय महामंत्र का 108 बार सामूहिक जाप करें। साथ ही हनुमान चालीसा, सुंदरकांड ,राम रक्षा स्त्रोत आदि का सामूहिक पाठ भी करें, जिससे सभी देवी- देवता प्रसन्न होंगे और वातावरण सर्वत्र सात्विक एवं राम मय हो जाएगा। इन टोलियों में शामिल राम भक्त यह भी आग्रह करेंगे कि अयोध्या में आयोजित होने वाले 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रसारित किए जाने वाले सीधे प्रसारण को भी देखें। दीपक तायल ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन सांयकाल सूर्यास्त के बाद अपने घर के सामने देवताओं की प्रसन्नता के लिए पांच दीपक अवश्य जलाएं। दीप मालाएं सजा कर खुशियां मनांए, यह कार्यक्रम विश्व के करोड़ों घरों में आयोजित कर भगवान श्री राम के अयोध्या में स्थापित किए जाने वाले मंदिर की खुशी में दीप उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। घरों पर जाने वाली सभी राम भक्त टोलियां राजनीति से ऊपर उठकर सभी दलों व सामाजिक राजनीतिक लोगों से यह भी आग्रह करेंगी कि प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत प्रभु श्री राम लला के नवनिर्मित मंदिर के दर्शन के लिए वह अपने समय अनुसार अयोध्या में परिवार सहित पहुंचकर भगवान श्री राम के मंदिर के दर्शन करें।
बैठक में कार्यक्रम के सह संयोजक नीरज सहरावत, मनमोहन त्यागी, दीपक धमीजा, श्याम बिहारी सहित टोलियां के प्रमुख भी उपस्थित थे।



**भक्ति**

8 राम भक्त एकत्रित होकर हनुमान चालीसा, भजन शंख ध्वनि,घंटे-घड़ियाल बजाने के साथ भगवान की आरती करेंगे

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 29 एस.एल.आर. 13010 (F-I, F-II, R-I), 19566 (F-I, F-II, R-I), 12912 (F-I), 14306 (F-I, F-II, R-I), 14631 (F-I, F-II, R-I), 19610 (F-I), 14230 (F-I, F-II, R-I), 12056 (F-I), 12328 (F-I), 14042 (F-I, F-II, R-I), 14120 (F-I), 12172 (F-I), 14090 (F-I, F-II, R-I), 19020 (F-I), 14318 (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 05.01.2024 (Timings: 10:00 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलग्न कर प्रकाशन हेतु आपको पास भेजी जा रही है। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं

• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 32 एस. एल. आर 14320 (F-I, F-II, R-I), 22918 (F-I), 14236 (F-I, F-II, R-I), 14321 (F-I), 14311 (F-I), 14710 (F-I,R-I), 12091 (F-I,FII-RL), 14315 (F-I, FII, R-I), 14689 (F-I), 14605 (F-I), 12037 (F-I), 15120 (F-I), 12018 (F-I) 14887(F-I,F-II,R-I) 14304 (F-I,F-II,R-I), 14306 (F-I, F-II, R-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई– नीलामी के तहत दिनांक 06.01.2024 (Timings: 10:00 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलग्न कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 4018/23

## संपादकीय

# भगवत गीता कोरा ग्रंथ, शास्त्र ही नहीं, जीवन-दर्शन है

**श्रीमद्** भगवद गीता या गीता, कुरुक्षेत्र में महाभारत युद्ध की शुरूआत से पहले भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के बीच होने वाला संवाद है। मान्यता के अनुसार, जिस दिन श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था, उस दिन को ही गीता की जन्मतिथि मानते हुए गीता जयंती मनाई जाती है। प्रत्येक वर्ष मार्गशीर्ष महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को गीता जयंती का पर्व मनाया जाता है। गीता कई सदियों पुराना ग्रंथ है, इसके हर शब्द में निहित तर्क, ज्ञान, जीवनदृष्टि एवं संसार को देखने एवं जीने का सार्थक नजरिया इसे एक कालातीत, सार्वभौमिक एवं सार्वकालिक मार्गदर्शक बनाता है। भगवद गीता के चिरस्थायी मार्गदर्शक सिद्धांतों को समझने से हमें रोजमर्रा की जिंदगी में कैसे और क्यों की गहरी अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। यह एक अलौकिक, अद्भुत एवं कालजयी रचना है, जो हमें हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपरा से परिचित कराती है। इसके श्लोकों में हमें रोजमर्रा की जिंदगी की विभिन्न समस्याओं का समाधान खोजने, जीवन की सच्चाई से परिचित होने और अंधविश्वास एवं झूठी मान्यताओं से मुक्ति पाने में मदद मिल सकती है। गीता का ज्ञान हमारे संदेहों एवं शंकाओं को दूर करता है और हमारे आत्मविश्वास का निर्माण करता है। सारांश रूप में देखा जाए तो गीता में आत्मा की नश्वरता (अमरता) ह्यनैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकःह्न और कर्म (कर्त्तव्य पालन) ह्यकर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचनह्न का उपदेश दिया गया है। गीता सार है कि अपने कर्तव्य से भागना कायरता है, इसकी वजह से घर-परिवार और समाज में अपमानित होना पड़ सकता है।

श्रीमद् भगवद गीता एक प्रमुख हिंदू धर्मग्रंथ है जो महाकाव्य महाभारत का एक हिस्सा है। जिसमें दोहे/श्लोक हैं, इसके पाठ को संरचनात्मक रूप से 18 अध्यायों में विभाजित किया गया है। भगवद गीता को एक राजकुमार अर्जुन और भगवान के अवतार श्रीकृष्ण के बीच एक संवाद के रूप में प्रस्तुत किया गया है। महाभारत युद्ध शुरू होने से ठीक पहले का यह संवाद सृष्टि की अनमोल धरोहर है। सुलह के कई प्रयास विफल होने के बाद, युद्ध अपरिहार्य था। आखिररकार युद्ध का दिन आ गया और सेनाएं युद्ध के मैदान में आमने-सामने हुईं। जैसे ही युद्ध शुरू होने वाला था, अर्जुन ने विरोधी ताकतों पर अधिक बारीकी से नजर रखने के लिए अपने सारथि श्रीकृष्ण से रथ को युद्ध के मैदान के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण ने रथ आगे बढ़ाया और भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य के सामने ले जाकर खड़ा कर दिया। अर्जुन ने जब कौरव सेना में अपने कुटुम्ब के लोग देखे तो वह निराश हो गए थे। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मैं युद्ध नहीं चाहता। मैं संन्यास लेना चाहता हूं। अपने कुंटुम्ब के लोगों को मारकर मिलने वाला राज्य मेरे लिए किसी काम का नहीं है। अर्जुन उनसे लड़ने के बारे में नैतिक दुविधा की स्थिति में होकर धनुष छोड़ देते और श्रीकृष्ण से मदद मांगते हैं। श्रीकृष्ण अर्जुन को किंकर्तव्यविमुढ़, मोहग्रस्त एवं सांसारिकता में उलझा हुआ देखकर बोध देते हैं। इन दोनों के बीच जो बातचीत हुई, श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो सलाह, संदेश और उपदेश दिए, उसे अब भगवद गीता के नाम से जाना जाता है।

# बृजभूषण के 'दबदबे' के आगे हारे पहलवान अब आगे क्या?

सुनील कुमार महला

> गुरुवार को कुश्ती संघ के प्रमुख बने संजय सिंह से ज्यादा माला खुद बाहुबली बृजभूषण पहने दिखे। उनके बेटे प्रतीक तो दबदबा दिखाने वाला पोस्टर हाथ में लेकर नजर आए। खिलाड़ियों का सवाल है कि जो आरोपी है अगर उसी की खड़ाऊं लेकर चलने वाला कुश्ती संघ का प्रमुख चुना जाता है तो न्याय कैसे मिलेगा। वहीं, शुक्रवार शाम को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक से मिलने पहुंचीं। उसके बाद यह अफवाह शुरू हो गई कि साक्षी आने वाले समय में कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा में चुनाव लड़ने जा रही हैं। पर जब इसके बारे में साक्षी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी ऐसा कोई फैसला नहीं लिया है। हाल ही में उन्होंने रेसलिंग छोड़ने का ऐलान किया है, वे इस समय दुख में हैं, उन्हें इससे निकलने के लिए थोड़ा समय चाहिए

**देश की ब**हादुर बेटियां फिर रोईं और आरोपी बृजभूषण शरण सिंह एक बार फिर ठहाके लगाकर हंसे। मेडल जीतने वाले चैम्पियन पहलवानों ने कहा कि वो हार गए। अब कुश्ती में आने वाली पीढियों को बेटियों के सम्मान की लड़ाई खुद लड़नी पड़ेगी। बाहुबली बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि दबदबा था, दबदबा है, और दबदबा बना रहेगा। आंखों मे आंसू लिए साक्षी मलिक ने कुश्ती की रिंग में अब कभी न उतरने का ऐलान किया और बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि भारतीय कुश्ती पर 11 महीने से चल रहा राहु काल खत्म हो गया, अब रिंग में उनके मुकाबले कोई नहीं। गुरुवार को भारतीय कुश्ती फेडरेशन हत्र्रक्क के चुनाव हुए। बृजभूषण शरण सिंह ने अपने सारे मोहरों को चुनाव जिता दिया झ्र अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्क्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव और कार्यकारिणी के सदस्य, सभी पदों पर बृजभूषण शरण सिंह के लोग जीते। हालांकि दावा ये किया जा रहा था कि अब बृजभूषण का फेडरेशन से कोई लेना देना नहीं है। विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और तमाम महिला पहलवानों ने बृजभूषण पर लड़कियों के साथ जोर-जबरदस्ती करने, उनका यौन शोषण करने के इल्जाम लगाए थे। फेडरेशन में वित्तीय और दूसरी गड़बडियों के आरोप लगाए थे। दिल्ली के जंतर मंतर पर दो-दो बार खिलाड़ी धरने पर बैठे, खेल मंत्री ने कई दौर की बातचीत की। बृजभूषण के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। भाजपा के बाहुबली सांसद को फेडरेशन और चुनाव से दूर रखने का भरोसा दिया गया था उसके बावजूद वो सब हुआ जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी ।

आखिरकार विरोध स्वरुप पहलवानों ने शांतिपूर्वक दूसरा रास्ता अपनाया । सबसे पहले ओलंपिक में देश के लिए मेडल लाने वाले रेसलर बजरंग पूनिया ने 2019 में मिला पद्मश्री सम्मान प्रधानमंत्री के घर के पास बाहर ही रख दिया। बजरंग ने सोशल मीडिया पोस्ट करके इस बात की जानकारी दी है। पूनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी भी लिखी। पूनिया ने ये चिट्ठी भी पर शेयर की है। बजरंग पूनिया ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'मैं अपना पद्मश्री पुरस्कार प्रधानमंत्री जी को वापस लौटा रहा हूँ। कहने के लिए बस मेरा यह पत्र है। यही मेरी स्टेटमेंट है। उन्होंने मेडल लौटाने के बाद कहा कि मैंने ये सम्मान लेटर के ऊपर रख दिया है, जमीन पर नहीं रख सकते।



इससे पहले साक्षी मलिक रोते हुए कहा था कि हम 40 दिनों तक सड़कों पर सोए और देश के कई हिस्सों से बहुत सारे लोग हमारा समर्थन करने आए। बूढ़ी महिलाएं आईं। ऐसे लोग भी आए, जिनके पास खाने-कमाने के लिए नहीं है। हम नहीं जीत पाए, लेकिन आप सभी का धन्यवाद। उन्होंने कहा कि हमने पूरे दिल से लड़ाई लड़ी, लेकिन हत्र्रक्क का अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का बिजनेस पार्टनर और करीबी सहयोगी संजय सिंह चुना जाता है तो मैं अपनी कुश्ती को त्यागती हूं। बृजभूषण नारे लगवा कर, मीडिया के सामने शेखी बघारकर, विरोध करने वाले पहलवानों को अपनी ताकत का अहसास करवा कर घर में वापस चले गए। उधर, विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक टीवी पर बृजभूषण की बातें देख रहे थे, उनकी आंखों में आंसू थे। तीनों पहलवान काफी हिम्मत जुटाकर कैमरों के सामने आए, बोलने की बहुत कोशिश की लेकिन दो मिनट से ज्यादा कोई नहीं बोल पाया। सबने कहा कि अब और हिम्मत नहीं है, अब उम्मीद नहीं है, हम हार गए, पता नहीं हमारे देश में न्याय कहां मिलता है, सारे दरवाजे तो खटखटा लिए, अब कहां जाएं, जो आरोपी, गुनहगार हैं, वो जीत के ठहाके लगा रहे हैं। हमारी बेबसी पर हंस रहे हैं, अब कुश्ती में लड़कियों का क्या होगा, वो नहीं जानते। साक्षी मलिक ने तो अपने जूते खोलकर टेबल पर रख दिए, रोते रोते बोलीं, अब कभी रिंग में नहीं उतरेंगी, कभी मैट पर दिखाई नहीं देंगी। इतना कहकर वह रोते हुए उठकर चली गईं। बृजभूषण ने जो कहा वो करके दिखा दिया। ये साबित कर दिया कि कुश्ती संघ में दबदबा तो उनका ही रहेगा लेकिन आज देश के लिए मेडल जीतने वाली बेटियों के आंसू देखकर हर किसी का दिल रोया होगा। यौन शोषण के आरोपी बृजभूषण शरण सिंह का अट्टहास देखकर सबको सिस्टम की बेबसी पर गुस्सा आया होगा। सवाल ये है कि आखिर ये नौबत क्यों आई? जो पद्मश्री सम्मान देश ने बजरंग पुनिया को उनके देश के लिए जीते गए मेडल के लिए दिया। आखिर उसे हाथ में रखकर वापस करने आए एक पहलवान को इतना हताश और निराश क्यों कर दिया गया? 24 घंटे पहले ही रोते हुए साक्षी मलिक ने अपने रेसलिंग शूज प्रेस कॉन्फ्रेंस की टेबल पर खकर पहले कुश्ती ही छोड़ देने का ऐलान किया था। प्रधानमंत्री के नाम बजरंग पुनिया ने चिट्ठी लिखी। इसमें लिखा था कि बीती 21 दिसंबर को हुए कुश्ती संघ के चुनाव में बृजभूषण एक बार दोबारा काबिज हो गया है। उसने स्टेटमेंट दी कि 'दबदबा है और दबदबा रहेगा'। महिला पहलवानों के यौन शोषण का आरोपी सरेआम दोबारा कुश्ती का प्रबंधन करने वाली इकाई पर अपना दबदबा होने का दावा कर रहा था। हम सभी की रात रोते हुए निकली। समझ नहीं आ रहा था कि कहां जाएं, क्या करें और कैसे जीएं। इतना मान-सम्मान दिया सरकार ने, लोगों ने, क्या इसी सम्मान के बोझ तले दबकर घुटता रहूं। कारण सिर्फ एक ही है जिस कुश्ती के लिए ये सम्मान मिले, उसमें हमारी साथी महिला पहलवानों को अपनी सुरक्षा के लिए कुश्ती तक छोड़नी पड़ रही है। हम 'सम्मानित पहलवान' कुछ नहीं कर सके। महिला पहलवानों को अपमानित किए जाने के बाद मैं 'सम्मानित' बनकर अपनी जिंदगी नहीं जी पाऊंगा। ऐसी जिंदगी कचोटेगी ताउम्र मुझे। इसलिए ये 'सम्मान' मैं आपको लौटा रहा हूं ... आपका असम्मानित पहलवान बजरंग पूनिया

बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप लगाने वाले पहलवानों का दावा है कि जनवरी में बृजभूषण पर आरोप लगाने वाली महिला पहलवानों की संख्या 19 थी। जो अप्रैल आते आते 7 रह गई, क्योंकि तीन महीने में बृजभूषण ने अपने दबाव से महिला पहलवानों को पैर वापस खींचने पर मजबूर कर दिया। पहलवान कहते हैं कि उन्हें भरोसा दिया गया था कि भारतीय कुश्ती संघ पर बृजभूषण शरण सिंह के परिवार और गुर्गों को नहीं बैठने दिया जाएगा, लेकिन उसके करीबी संजय सिंह ही जीते। इस सब घटना चक्र के बाद भाजपा के विरोधी दलों की राजनीति भी शुरू हो गई । गुरुवार को कुश्ती संघ के प्रमुख बने संजय सिंह से ज्यादा माला खुद बाहुबली बृजभूषण पहने दिखे। उनके बेटे प्रतीक तो दबदबा दिखाने वाला पोस्टर हाथ में लेकर नजर आए। खिलाड़ियों का सवाल है कि जो आरोपी है अगर उसी की खड़ाऊं लेकर चलने वाला कुश्ती संघ का प्रमुख चुना जाता है तो न्याय कैसे मिलेगा। वहीं, शुक्रवार शाम को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक से मिलने पहुंचीं । उसके बाद यह अफवाह शुरू हो गई कि साक्षी आने वाले समय में कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा में चुनाव लड़ने जा रही हैं। पर जब इसके बारे में साक्षी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी ऐसा कोई फैसला नहीं लिया है। हाल ही में उन्होंने रेसलिंग छोड़ने का ऐलान किया है, वे इस समय दुख में हैं, उन्हें इससे निकलने के लिए थोड़ा समय चाहिए। चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भविष्य में क्या करना पड़ जाए, इसके बारे में कहा नहीं जा सकता, लेकिन अभी फिलहाल इस पर कोई फैसला नहीं लिया है।

## कविता

जिन्दा रहेंगे जब तक
निंदा होती रहेगी तब तक,
प्रशंसा मिलेगी जरूर यहाँ
किन्तु, मरने के बाद !
खुशियाँ कायम हैं तब तक
अपनों का साथ है जब तक,
जीवन हो जाता बोझिल
अपनों की बेरुखी के बाद !
त्याग का महत्व है तब तक
कदर हो इसकी जब तक,
जीना जाते हैं भूल अपना
मोह में गुम होने के बाद!
रास्ते मिलते हैं तब तक
नियत में ईमान है जब तक,
दर्द किसी का भूल जाता इंसा
चरित्र गिर जाने के बाद !

मुनीष भाटिया

# क्रायोजेनिक' कितनी कारगर

**विजय गर्ग**

**गभग दो सा**ल पहले की यह खबर इन दिनों एक बार फिर से इसलिए चर्चा में आ गई कि अमेरिका के एरिजोना राज्य के स्कॉट्सडेल में स्थित एल्कोर फर्म ने क्रायोनिक्स के क्षेत्र में खुद को लीडिंग कंपनी के तौर पर पेश करना शुरू कर दिया है। दावा किया जा रहा है कि फ्रीज किए गए शवों को जीवित किया जा सकता है। अमेरिका में ऐसे लोगों की संख्या बढ़ रही है, जो अपने प्रियजनों के मरने के बाद उनके शरीर को इस तकनीक के जरिये फ्रीज करा रहे हैं। कंपनी पहली बार 2021 में सक्रिय हुई थी, लेकिन बीच में यह मामला धीमा हो गया। कंपनी ने पूरे शरीर को फ्रीज करने के लिए 2 लाख डॉलर से ज्यादा की फीस रखी है।

क्रायोजेनिक तकनीक को 'निम्नतापकी' कहा जा सकता है, जिसमें तापमान माइनस 0 डिग्री से माइनस 150 डिग्री सेल्सियस तक हो सकता है। मृत्यु के तुरंत बाद शरीर को बाह्य बर्फ के पैकेटों की मदद से शीतल कर संरक्षण केंद्र तक पहुंचाया जाता है। मृत्यु के बाद जितनी जल्दी हो सके शव को ठंडा कर जमा दिया जाता है, ताकि उसकी कोशिकाएं, खासकर मस्तिष्क की कोशिकाएं, ऑक्सीजन की कमी से टूटकर नष्ट न हो जाएं। इसके लिए पहले शरीर को बर्फ से ठंडा कर दिया जाता है। संरक्षण केंद्र में पहुंचने के बाद शरीर से रक्त निकाल लिया जाता है और शरीर के अंगों के हिमीकरण से बचाव के लिए धमनियों में हिमीकरण रोधी द्रव डाला जाता है तथा खोपड़ी में छोटे छिद्र बनाए जाते हैं। इसके बाद शरीर से खून निकालकर उसकी जगह रसायन डाला जाता है, जिन्हें 'क्रायो-प्रोटेक्टेंट' तरल कहते हैं। इसे अंगों में बर्फ नहीं बनती। यह जरूरी इसलिए है कि यदि बर्फ जम गया तो वह अधिक जगह लेगा और कोशिका की दीवार टूट जाएगी। इसके बाद शरीर को एक शयन बैग में डालकर द्रव नाइट्रोजन में माइनस 196 डिग्री सेल्सियस तापमान पर रखा जाता है। 2021 में कंपनी ने 184 मरीजों के शवों को फ्रीज किया था। अब दावा किया जा रहा है कि अमेरिका में अलग-अलग कंपनियां 900 से ज्यादा लोगों के शवों को फ्रीज कर चुकी हैं। और 3000 व्यक्तियों ने अपने शरीर को फ्रीज कराने के लिए आरक्षण कराया है। लेकिन क्या यह संभव है? दरअसल, क्रायोजेनिक तकनीक विज्ञान की काल्पनिक कथाओं की उपज है, जिसमें शरीर को पुनर्जीवन की आशा में संरक्षित रखा जाता है। वर्तमान विज्ञान अभी इतना विकसित नहीं है कि वह इन हिमीकृत शरीरों को पुनर्जीवित कर सके । 1964 में वैज्ञानिक और लेखक राबर्ट एटीन्गर ने क्रायोजेनिक्स संकल्पना को दुनिया के सामने रखा था। लगातार शोध होते रहे। इस तकनीक के समर्थक कहते हैं कि कुछ ऐसे जीव हैं, जो हिमीकरण के बाद स्वयं ही पुनर्जीवित हो उठते हैं। इन जीवों में शामिल हैं- आर्कटिक क्षेत्र की जमीनी गिलहरी, कछुए की कुछ प्रजातियां और टार्डीग्रेड्स ।

## विचार

# भारत का खजाना भरते सात समंदर पार बसे भारतीय

**आर.के. सिन्हा**

अपने वतन से सात समंदर दूर कामकाज के लिए गए भारतीयों ने देश के खजाने को लबालब भर दिया है। उन्होंने चालू साल 125 बिलियन डॉलर यानी करीब 136 अरब रुपये भारत में भेजे। विश्व बैंक की हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत से बाहर रहने वाले लाखों भारतीयों ने साल 2022 की तुलना में 11 फीसद अधिक धन चालू साल में स्वदेश भेजकर अपने देश से प्रेम का सशक्त परिचय दिया। भारत के बाद मेक्सिको और चीन को अपने देशवासियों से पैसा मिला। हालांकि, भारत की तुलना में इन दोनों देशों को अपनी आबादी के अनुपात में बहुत कम धन मिला। मेक्सिकों को 67 बिलियन और चीन को मात्र 50 बिलियन डॉलर मिले। बात बहुत साफ है कि संसार के कोने-कोने में रहने वाले भारतीयों ने अपने देश के खजाने को अपने धन से लबालब भर दिया है। यह उनकी अपनी मातृभूमि के प्रति अद्भुत प्रेम दशार्ता है कभारतीय संसार के किसी भी भाग में चल जाएं पर उनकी पहचान भारतीय के रूप में ही होती है। उन्हें भारत से बाहर बसने के सालों, दशकों तो छोड़िए, कई पीढ़ियों के बाद भी भारतीय ही माना जाता है। भारतीय अफ्रीका, कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन त्रिनिदाद, गुआना, मारीशस,फिजी आदि देशों में बसने के बाद भी अपने को भारत से कभी दूर नहीं कर पाते। भारतीय अपने खानपान तथा वेशभूषा के स्तर पर भी सदा भारतीय ही बने रहते हैं। दिवाली और होली, रक्षा बंधन, छठ, करवा चौथ, नवरात्र, शादी समारोह आदि अवसरों पर भारतीय महिलाएं आमतौर पर साड़ी ही पहनती हैं। इनके घरों में ज्यादातर भारतीय व्यंजन ही पकते हैं। लेकिन, ये जिस देश में भी जाकर बसे वहां की भाषा, खानपान और वेशभूषा को भी आसानी से अपना लेते हैं। आप रविवार को किसी भी चर्च में जाकर देख लें। वहां पर आपको साड़ी पहन कर आईं मसीही स्त्रियां मिलेंगी। यही दृश्य मंदिरों में भी मिलेगा कयानी वेश-भूषा हरेक भारतीय की एक जैसी ही है। आपको भारतीय खाड़ी के देशों के कठिन हालातों से लेकर अमेरिका, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और यूरोप के तमाम देशों में आई टी सेक्टर से लेकर तमाम दूसरे कामों को करते हुए मिलेंगे। चूंकि आमतौर पर भारतीय मितव्ययी होते हैं, इसलिए वे कमाकर पैसा अपने देश भेज देते हैं। जाहिर है, उनके भेजे धन से देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। तो कहना होगा कि भारत की मजबूत आर्थिक सेहत के लिए हमारे उन अनाम भारतीयों का भी कम बड़ा योगदान नहीं है जो हर साल भारत में पैसा भेजते हैं। हालांकि आमतौर पर मीडिया में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा या केन्या के हॉकी के महान खिलाड़ी अवतार सिंह सोहल जैसों की ही चर्चा होती है।

बेशक, भारत के बाहर बसे सारे भारतीय ही सही माने में हमारे ब्रांड एंबेसेडर भी हैं। इनकी वजह से ही विदेशी मूल के परिवारों में भारत के प्रति और भारतीय रस्म रिवाजों के प्रति झुकाव बढ़ता चला जा रहा है ककल रात मैं दिल्ली में छतरपुर के पास एक विवाह समारोह में गया कलड़का बंगाली है और लड़की आयरिश कलेकिन जब वर-वधु मेरा पैर छूने आये तो साड़ी-गहनों में सजी सिंदूर से मांग भरी लडकी को देखता ही रह गया कमजे की बात तो यह रही की आयरिश दुल्हन को आयरलैंड से आये हुये उनके पिता और लड़की के दो बड़े भाई मुझसे मिलवाने को ले आये कइसी तरह पिछले माह मुझे एक बिहारी लड़के की शादी में आमंत्रित किया गया था जो कि एक आस्ट्रिया की लड़की से शादी कर रहा था कये सब भारतीयों के प्रति आकर्षण दशार्ती हैं क इन प्रवासी भारतवंशियों के हितों को लेकर केन्द्र और राज्य सरकारों को भी हमेशा नई-नई योजनाओं को लाते रहना चाहिए। उन्हें उनके निवेश पर बेहतर रिटर्न भी दिया जाये, ताकि वे अधिक से अधिक धन देश में भेजते रहें। जिस मुल्क का विदेशी मुद्रा भंडार भरा होता है, वह उतनी ही तेजी से प्रगति की राह पर बढ़ता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# नंगे ही चंगे हैं

**डॉ. सुरेश कुमार**

**चौंकिए नहीं साहब।** केवल समय का ध्यान रखिए। निर्वस्त्र होने के फायदे जब पता चलेंगे, तब आप दाँतों तले अंगुली दबा लेंगे। बदन पर कम कपड़े पहनने वाले लबादे की तरह सिर से पैर तक कपड़े पहनने वालों से बहुत हल्का महसूस करते हैं। हल्के लोग बड़ी बातें जल्दी समझ जाते हैं। वे इतने समझादार होते हैं कि सर्दी के दिनों में भी निर्वस्त्र रहकर दुनिया को आदम-हव्वा बनने के लाभ गिनाने से नहीं चूकते। वह वस्त्र खरीदने, सिलाने, डिजाइन करवाने, इस्तरी करने-कराने, गंदा हो जाने पर ड्राइ क्लिनिंग कराने की फजीहत से न केवल बचता है बल्कि देश की इकोनॉमी में बूँद-बूँद की तरह अपना योगदान देता है। निर्वस्त्र को निर्लज्ज कहना हमारी निर्लज्जता है। वे तो इस युग जीते-जागते महापुरुष हैं जो स्वयंभू आदर्शवानों की तरह हमें यह उपदेश देते हुए कहते रहते हैं कि भगवान की दी हुई सुंदरता को व्यर्थ के लबादे में छिपाए रखने से परमानंद की अनुभूति नहीं हो सकती। यह लबादा भगवान और शरीर के बीच अड़चन पैदा करता है। निर्वस्त्रता गरीबी मिटाने का सबसे बड़ा उपाय है। महात्मा गांधी आजीवन अधनंगी धोती पर जीते रहे। वे आज भी कइयों के आदर्श हैं। जब तक देश कपड़ा नहीं पहनेगा तब तक मैं कपड़े नहीं पहनूँगा जैसे विचार रखने वाले गांधी जी को आजकल की पठान बाला दीपिका यह बताने का प्रयास करती है झ स्वतंत्र भारत के स्वप्नद्रष्टा आप जिस देश की कल्पना में अपना सब कुछ स्वाहा कर दिया हम उसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए कई कदम आगे बढ़कर सोच रहे हैं। मेरी जैसी सुंदर बाला के कपड़े न पहनने से दर्शक सिनेमाघर में देखने के लिए दौड़े-दौड़े आयेंगे। उनके देखने से फिल्म को लाभ होगा। इस फिल्म को बनाने में न जाने कितने गरीब कर्मचारियों का योगदान है जिनका घर फिल्म के हिट होने या फट होने से प्रभावित होता है। मैं चाहती हूँ कि मेरी निर्वस्त्रता इन सबके घर चलाने का सबसे बड़ा उपाय बने। आदम और हव्वा जीवन भर निर्वस्त्र रहे। हम उनके वंशज हैं। उन्होंने हमें सिखाया कि मन का नंगापन शरीर के नंगेपन पर हमेशा भारी पड़ता है।

# प्रेस पत्र पत्रिका पंजीकरण विधेयक सदन से पारित

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर लोकतंत्र की जननी और दुनियां का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत में किसी भी कानून को पारित करने की बहुत ही विस्तृत पेचीदगी वह पारदर्शी प्रक्रियाएं बनी हुई है, जिसको पार करने के बाद ही कोई विधेयक पारित होकर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद कानून बनता है। किसी भी विधेयक को कानूनबनाने के लिए संसद के उच्च व निचले सदन से पारित करना कोई आसान काम नहीं होता उसपर विस्तृत चर्चा होती है, संशोधन वह सेलेक्ट कमेटी से होते हुए संसद में पेश होता है, इसके पहले लॉ कमीशन जनता जनार्दन के समक्ष उनकी प्रतिक्रियाएं जानने के लिए भी राष्ट्रीय गजट में प्रकाशित होता है। कुल मिलाकर संसद के दोनों सदनों में कोई भी विधेयक पारित कराना बड़ी उपलब्धि है।

हालांकि यह रेखांकित करने वाली बात है के संसद के पिछले कुछ सत्रों से यह परिपाटी चली आ रही है के ध्वनि मत से ही विधेयक पारित हो रहे हैं क्योंकि एक विशेष पार्टी व उनके गठबंधन के सदस्यों की संख्या अधिक होने से विपक्ष कुछ कर सकनें में लाचार है किसी भी विधेयक पर वोटिंग नहीं हुई है वह केवल दिल्ली विधेयक से संबंधित वोटिंग के अलावा अन्य विधेयकों में वोटिंग देखने को नहीं मिली है।

ठीक इसी तरह प्रेस व पत्र पत्रिका विधेयक जो राज्यसभा यानें उच्च सदन से पिछले अगस्त में ही पारित कर दिया गया था और अब लोकसभा में दिनांक 21 दिसंबर 2023 को ध्वनि मत से पारित हो गया है, अब राष्ट्रपति महोदया के हस्ताक्षर के बाद कानून बन जाएगा जिससे प्रेस की आजादी और कारोबार करने में सुगमता के नए ऐतिहासिक युग की शुरूआत होगी। चूंकि संसद के दोनों सदनों में प्रेस और पुस्तिका पंजीकरण विधेयक अधिनियम 1867 के औपचारिक युग को समाप्त कर 2023 का नया विधेयक पारित कर लिया गया है। इसलिए आज हम मीडिया और पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्रेस की आजादी और समाचार पत्र पत्रिका प्रकाशन में प्रेस पत्र पत्रिका पंजीकरण विधेयक 2023 मील का पत्थर सब आईटी होगा।

## न्यूज फ्लैश

### 2024 में एकतरफा बहुमत से आम आप की सरकार आएगी : अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा**

**आम आदमी** पार्टी की प्रदेश स्तरीय बदलाव यात्रा के नौवें दिन आप के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने बस स्टैंड से लेकर कलायत रोड बाईपास रोड तक विशाल बदलाव यात्रा निकाली। इस दौरान हजारों की संख्या में आमजन मौजूद रहा। सत्ता और व्यवस्था परिवर्तन के लिए हजारों लोगों ने हुंकार भरी। इस मौके पर उनके साथ दलविंदर चीमा, अमनदीप जुंडला, शेर प्रताप शेरी, रामपाल बजीदा और रेखा सिरसी मौजूद रहीं।

अनुराग ढांडा ने कहा कि पिछले आठ दिनों में आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा को जो जन समर्थन मिल रहा है, वो बताता है कि 2024 में हरियाणा की राजनीति में बहुत बड़ा बदलाव आने वाला है। इस बार केवल पार्टियां नहीं बदलेंगी, बल्कि इस बार व्यवस्था बदलेगी और आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि 2024 में आम आदमी पार्टी एक तरफा सरकार बनाएगी। कांग्रेस नेता भी जेजेपी की तरह धोखा देने में लगे। कांग्रेस विधायक सेटिंग करके बीजेपी का राज्यसभा सांसद बनाने में लगे हैं। भूपेंद्र हुड्डा विधानसभा में भी सीएम खट्टर के साथ शेरो शायरी में लगे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार खिलाडियों के भविष्य को खराब करने का काम कर रही है। खिलाडियों को उचित सुविधाएं मुहैया कराने में नाकाम रही है। हरियाणा के खिलाड़ी देश और विदेश में हरियाणा का नाम रोशन कर रहे हैं। मेडल लाने पर सरकार के मंत्री खिलाडियों के साथ फोटो खिंचवाने में आगे रहते हैं और बताते हैं कि ये सरकार की उपलब्धि है, जबकि हरियाणा सरकार का खेलों में जीरो प्रतिशत योगदान है। ओलंपिक पदक विजेताओं को सरकार वादा करती है कि वह उनके गांव में स्टेडियम बनाएगी, लेकिन हरियाणा सरकार बताए कि कितने स्टेडियम हरियाणा में बनाए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जो स्टेडियम हैं उनकी देखभाल नहीं की जा रही, न प्रैक्टिस करने के लिए संसाधन हैं और न कोच हैं। ऐसी स्थिति में खिलाड़ी कैसे तैयार होंगे।

उन्होंने कहा कि खेल का प्रोत्साहन देने के लिए जो नीति होनी चाहिए, जिससे गांव के स्तर से बच्चों को तैयार किया जा सके। वो सरकार करने में सरकार पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने जूनियर महिला कोच से यौन शोषण के आरोपी मंत्री संदीप सिंह को आज भी मंत्री पद पर बनाकर रखा हुआ है और हरियाणा के खिलाड़ी अपने मेडल लौटाने को मजबूर हैं। जिस पर भाजपा के मंत्री ठहाके लगा रहे हैं, ये बताता है कि उनकी खिलाडियों के बारे में क्या सोच है। वहीं, पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार को मात्र डेढ़ साल हुआ है, पंजाब में खेल को बढ़ावा देने के लिए पिरामिडल स्ट्रक्चर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब में हर गांव के क्लस्टर पर स्टेडियम होगा और कोच मिलेगा। इसके अलावा जिले और प्रदेश स्तर पर पंजाब सरकार स्पोटर्स इंफ्रास्ट्रक्चर को डेवलप कर रही है। इसके अलावा पंजाब सरकार बच्चों के लिए स्पेशल डाइट प्लान लेकर आई है, जिससे खिलाडि?ों की सेहत का ध्यान भी रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब में नई खेल नीति के तहत जो खिलाड़ी जीत कर आएंगे उनको सरकारी नौकरी दी जाएगी। इसके अलावा दिल्ली में देश की पहली स्पोटर्स युनिवर्सिटी का निर्माण किया है, ताकि बच्चों के ओलंपिक के लिए तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब के उल्ट हरियाणा में हो रहा है। हरियाणा में इतनी मेहनत करने के बाद खिलाड़ी पदक जीतते हैं और फिर उनको इनाम राशि पाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं। इसलिए जैसे पंजाब और दिल्ली सरकार खिलाडि?ों के लिए महत्वपूर्ण काम कर रही है, वही काम हरियाणा में भी किए जा सकते हैं। इसलिए प्रदेश के लोग इस बदलाव में आगे आएं और आम आदमी पार्टी को एक मौका दें।

### एनसीपी ने करनाल हलके से की दावेदारी पेश: वीरेंद्र मराठा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

**करनाल** लोकसभा क्षेत्र से एनसीपी की मजबूत दावेदारी है। एनसीपी ने हरियाणा में केवल करनाल को ही अपने लिए चिन्हित किया है। इसके अलावा आने वाले समय में हरियाणा में इंडिया गठबंधन की संयुक्त सभाएं होंगी। एनसीपी के प्रदेश प्रमुख वीरेंद्र मराठा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि एनसीपी ने उन्हें लोकसभा का चुनाव करनाल से लडने के लिए कह दिया है। वह भाजपा को यहां से पराजित करेंगे। हरियाणा में एनसीपी ने बूथ स्तर तक संगठन को खड़ा कर दिया है। विधानसभा चुनावों में भी विपक्ष मिलकर चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि एनसीपी का अस्तित्व शरद पवार से हैं। उनके बिना एनसीपी का कोई बजूद नहीं हैं। एक सवाल के जबाब में उन्होंने कहा कि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। 2024 के चुनाव देश के राजनीतिक भविष्य के लिए निर्णायक होंगे।

मराठा ने कहा कि पांच राज्यों के चुनावों में मुद्दे अलग थे। लोकसभा चुनावों में मुद्दे अलग होंगे। देश पर कर्ज लगातार बढ़ रहा है। हरियाणा में भाजपा की सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। एनसीपी गांव-गांव जाकर मोदी सरकार की पोल खोल रही हैं। जब संसद में सासंदों को जनता के मुद्दों को उठाने से रोका जा रहा है तो हम जनता के बीच जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में एनसीनी का संगठन मजबूत हैं। सभी मिलकर शरद पवार के हाथ मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता के बीच इंडिया गठबंधन मिलकर जाएगा। सभी का एक ही मकसद है कि देश को भाजपा के कुशासन और तानाशाही से मुक्ति दिलाई जाए।

# मेयर ने नगर शोभा यात्रा को दिखाई हरी झंडी

## गीतामय हुआ करनाल शहर, शोभा यात्रा में शामिल रही सामाजिक, धार्मिक व शैक्षणिक संस्थाओं की झांकियां





**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।**

**जिला** स्तरीय गीता महोत्सव के अंतिम दिन शनिवार को रामलीला ग्राउंड से मेयर रेनू बाला गुप्ता ने विशाल नगर शोभा यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व आर्य केन्द्रीय सभा की ओर से शोभा यात्रा में शामिल झांकी में हवन कुण्ड में आहूति दी गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ प्रातः 11 बजे रामलीला ग्राउंड से किया गया। यह यात्रा शहर के महर्षि वाल्मीकि चैक से होते हुए पुराने बस अड्डे के सामने से गुजरते हुए डॉ. मंगल सेन ऑडिटोरियम पहुंची तथा यहीं पर यात्रा का समापन हुआ। नगर शोभा यात्रा का रास्ते में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा स्वागत किया गया। इससे पूर्व शोभा यात्रा के दौरान प्रातः 11 बजे महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के वैश्विक आह्वान पर 3 सामूहिक श्लोकों का उच्चारण किया गया।

शोभा यात्रा में 18 झांकियां शामिल हुई। इनमें निफा और आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल, सिटीजंस ग्रीवेंस कमेटी और दिल्ली पब्लिक स्कूल, भारत विकास परिषद (अभिमन्यु सूरज करण माधव कृष्ण और राधा कृष्ण) और एसबीएस, लक्ष्य जनहित समिति और वीयूएमएम जैन पब्लिक स्कूल, पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट और गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल, अपना आशियाना जन सेवा दल और निशान पब्लिक स्कूल, अग्रवाल सभा सेक्टर 7 और ओपीएस विद्या मंदिर, एमडीडी बल भवन और प्रताप पब्लिक स्कूल सेक्टर 6, आर्य केंद्रीय सभा और निर्मल पब्लिक स्कूल, मां झंडेवाली सेवा समिति और विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल, प्रयास फाउंडेशन और दून ग्रुप आफ स्कूल, सनातन धर्म मंदिर सभा और एसडी आदर्श पब्लिक स्कूल, करनाल जागृति मंच और बाबा रामदास विद्यापीठ, श्री राधा कृष्ण गौशाला और एसडी बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामनगर, हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स और उद्योग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेकेंडरी स्कूल, अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा परिवार करनाल और श्री रामचरितमानस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रघुनाथ मंदिर सभा और श्री रघुनाथ हाई स्कूल, लायंस क्लब और करण पब्लिक स्कूल हंसी रोड, जियो गीता, श्री रामलीला सभा की झांकी शामिल रही। शोभा यात्रा में शहर की बैंड पार्टी ने मधुर तरानों से राहगीरों को मंत्रमुग्ध किया। कुछ संस्थाओं ने शोभा यात्रा पर पुष्पवर्षा कर उसका स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी, एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, राजेन्द्र सिरसी, रजनीश चोपड़ा, कमलेश अरोडा भी मौजूद रहे।

**छात्राओं ने कलाकृति से श्रीकृष्ण की तस्वीर बनाकर मोहा सबका मनः** जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह के दूसरे व अंतिम दिन जिला के विभिन्न स्कूली तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी कला कृतियां व पेंटिंग की प्रदर्शनी की, जिनमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री की छात्राओं ने अपनी कलाकृति से भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति बनाई। भगवान श्री कृष्ण की इस आकृति ने समारोह में उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। ये सभी छात्राएं खुशी, आरती, लक्ष्मी तथा सानिया ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ाई करती है। स्कूल के कला अध्यापक राम दयाल कंबोज ने बताया कि उक्त सभी छात्राएं पांचवीं कक्षा से ही आकृति व कला के कार्य में अपनी विशेष रुचि रखती है। इसी के साथ-साथ पढ़ाई में भी ये छात्राएं स्कूल में अव्वल है ।

## हजारों बच्चों ने श्लोकोच्चारण कर माहौल को बनाया गीतामय



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा**

**जिला** स्तरीय गीता महोत्सव के दौरान डॉ.मंगलसेन परिसर में 23 दिसम्बर शनिवार को प्रातः 11 बजकर 45 मिनट पर जिला के विभिन्न स्कूलों के करीब 600 बच्चों सहित हिंदी व संस्कृत के अध्यापकों ने श्लोकोच्चारण कर माहौल को गीतामय बना दिया और कुरूक्षेत्र से लाईव प्रसारित श्लोकोच्चारण को सुना।

इस कार्यक्रम इन्द्री के विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर, एडीसी डॉ वैशाली शर्मा, सीटीएम अमन कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, सिनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी, भाजपा नेता राज सिंह, कर्मबीर कल्याण, राजेन्द्र सिरसी सहित काफी संख्या में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के लोग मौजूद रहे।

श्लोकोच्चारण के बाद इन्द्री के विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनको बधाई दी।

## आम आदमी पार्टी बनेगी मोदी सरकार के पतन का माध्यम : सुनील बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

**आम आदमी** पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुनील बिंदल ने कहा है कि भाजपा की मोदी सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल हैं। भाजपा को सत्ता से बाहर करने में आम आदमी पार्टी बड़ी भूमिका निभा सकती है। इसके कारण भाजपा की सरकार आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल में डाल रही हैं। उन्होंने कहा कि आप के कार्यकर्ता सरकार के जुल्मों से डरने वाले नहीं हैं। आम आदमी पार्टी की पंजाब और दिल्ली सरकार ने विकास का नया माडल प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि जब अमरीका में बैलेट से चुनाव हो सकते हैं तो भारत में क्यों नहीं?

## स्कूली बच्चों को पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित




**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। जिला स्तरीय** गीता महोत्सव में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अतिरिक्त उपायुक्त डॉ वैशाली शर्मा ने पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उनके साथ सीटीएम अमन कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की इंचार्ज ईशा सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

सम्मानित होने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंगलपुर करनाल, पार्थ पब्लिक स्कूल घरौंडा, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल करनाल, जीजीएसएसएस प्रेम नगर, जीजीएमएसएसएसएस रेलवे रोड करनाल, ओपीएस विद्या मंदिर करनाल की सांस्कृतिक टीम शामिल रही। इसके अलावा शखेकाउच्चारण व रंगोली में भाग लेने वाले बच्चों द्वारा को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को भी प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## 'नौ साल में सरकार ने हर वर्ग को लाभ देने के लिए योजनाएं की तैयार'



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। भाजपा जिला** अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने शनिवार को मूनक ब्लॉक के गांव शेखपुरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद में बतौर मुख्यातिथि बोलते हुए कहा कि संकल्प विकसित यात्रा के तहत पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही इसका मुख्य उद्देश्य है। यात्रा के तहत सरकारी अधिकारी व कर्मचारी द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों की समस्या का हल करने का प्रयास किया जाता है। अगर किसी कारण से कोई काम नहीं हो सकता, उसकी जानकारी भी लोगों को दी जाती है।

उन्होंने कहा कि अगर देश व प्रदेश में विकास हुआ है तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण विश्व में पूरे देश की साख बढ़ी है। केंद्र व प्रदेश सरकार के नौ साल के कार्यकाल में सरकार ने हर वर्ग को लाभ देने के लिए योजनाएं तैयार की है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे असंध के पूर्व विधायक सरदार बख्शीश सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा वह मिशन है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू किया है इसमें हर व्यक्ति के लिए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का खजाना है। अधिकारी लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने को लेकर लगातार उनके सहयोगी साबित हो रहे हैं। कार्यक्रमों में उमड़ा जन सैलाब संकेत देता है कि प्रदेश में बदलाव आया है। उन्होंने वर्ष 2047 में देश को विकसित करने की संकल्प शपथ भी दिलाई।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव भी सांझा किए। इस अवसर पर बीडीपीओ प्रशांत कुमार, गांव की सरपंच रुपिंदर कौर, सरपंच प्रतिनिधि गुरजीत सिंह व बल्ला मंडल अध्यक्ष अमित राणा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## युवा राष्ट्र के विकास के आधार हैं: सुमिता सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा**

**पूर्व विधायक** सुमिता सिंह के निवास स्थान पर उनके नेतृत्व में भारी संख्या में नौजवान साथियों ने कांग्रेस में आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इनमें विक्की, रवि, गौरव, चाहत, अर्पण, हरीश, अमित और भारी संख्या में युवा शामिल रहे। नए सदस्यों को कांग्रेस का पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। सुमिता सिंह ने कहा कि कांग्रेस का परिवार निरंतर बढ़ रहा है और विश्वास दिलाया कि उनको पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। इस मौके पर युवाओं ने भविष्य में रोजगार संबधित व महंगी होती शिक्षा पर चिंता जाहिर की गई।

उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र के विकास के आधार हैं। वे राष्ट्र के सबसे ऊजार्वान भाग हैं और इसलिए उनसे बहुत उम्मीदें हैं। सही मानसिकता और क्षमता के साथ युवा राष्ट्र के विकास में योगदान कर सकते हैं और इसे आगे बढ़ा सकते हैं। युवा ऊर्जा से भरी नदी की तरह है, जिसके प्रवाह को एक सही दिशा की आवश्यकता है।

सुमिता सिंह ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी कांग्रेस की तरफ आशाभरी नजरों से देख रही है। उनको अपना भविष्य कांग्रेस में सुरक्षित दिख रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा को भाजपा सरकार ने बेरोजगारी, अपराध, महंगाई, नशे और विनाश में नंबर वन बना दिया है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे धैर्य रखें। प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने पर बेरोजगारी दूर करना पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के आने पर बेरोजगारी व महंगी शिक्षा संबधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## गरीबों का दर्द समझते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी: हरविंद्र कल्याण



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा**

**विधायक हरविंद्र** कल्याण ने कहा है कि नरेंद्र मोदी गरीब परिवार से उठकर प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे हैं। वे गरीबों का दर्द भली भांति समझते हैं। इसीलिए 2014 में प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाओं की घोषणा की। हरियाणा की धरती से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा दिया। परिणामस्वरूप प्रदेश में लिंगानुपात में अपेक्षित सुधार हुआ। प्रधानमंत्री के स्वच्छता के नारे की बदौलत लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ी है। आयुष्मान कार्ड धारकों को साल में 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा खोखले नारे नहीं देती वह समाज सेवा के लिए काम करती है।

हरविंद्र कल्याण आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के गांव ऊंचा समाना पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में बताओ मुख्य अतिथि बोल रहे थे। गांव की सरपंच पूनम ने विधायक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया। इसके अलावा हरियाणा के विकास पर बनाई गई लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। भाजपा नेता खेमपाल गोस्वामी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।

विधायक ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मकसद है कि बुजुर्गों, किसानों, दिव्यांगों और गरीबों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि व्यवस्था, एक दिन में नहीं बनती। इन्हें बनाने में सालों लगते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्यवस्थाओं को मजबूत करने में लगे हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से हर परिवार की पहचान करने का काम किया है। पीपीपी का 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। छोटी-मोटी कमियों को आने वाले समय में दूर कर लिया जाएगा।

श्री कल्याण ने कहा कि परिवार पहचान पत्र बनने से घरौंडा हलके में 27 हजार और प्रदेश में 19 लाख नए बीपीएल कार्ड बने हैं। इस अवसर पर सरोज, अनिल, रजत, अरविंद राणा, निर्मला देवी, गैंदी देवी और मूर्ति के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। आज कार्यक्रम के दौरान दर्शन कुमार,ईशम सिंह, सुनीता, कमलेश, दीपक, सोनू और शैलेश की पेंशन बनाई गई। इस अवसर पर रानो देवी, किरण बाला, नेहा, शालो देवी, ओमपति, कविता, नीलम, जोगेन्द्रो और निर्मल को उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिए गए।

## गीता का ज्ञान सभी प्राणी मात्र के लिए उपयोगी : रेनू बाला




**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।**

**डॉ.मंगल सेन** सभागार में शनिवार को जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन बतौर मुख्यतिथि करनाल नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गौंदर और मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सर्वप्रथम श्रीमद्भगवद्गीता की प्रतिलिपि पर पुष्प अर्पित किए और इसके पश्चात अलग-अलग विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए करनाल नगर निगम मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता का ज्ञान केवल भारतवासियों के लिए नहीं, बल्कि सभी प्राणी मात्र के लिए उपयोगी है। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया और कहा कि मुख्यमंत्री जी ने राजनीति में व्यवस्था परिवर्तन का कार्य किया है। उन्होंने प्रदेश में विकास के साथ-साथ अपनी संस्कृति और अपनी धरोहर को संभाला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों की वजह से आज गीता जयंती का आयोजन जिलास्तर पर देखने को मिल रहा है।

**स्वामी ज्ञानानंद के प्रयासों से गीता ज्ञान पूरे विश्व में गूंजायमानः मेयर**

मेयर रेनू बाला गुप्ता ने स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज का धन्यवाद किया, उन्हीं के प्रयासों से गीता ज्ञान पूरे विश्व में गूंजायमान है। आज हर शहर में, गांव में, कस्बे में और पूरे विश्व में गीता का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम 5160 साल बाद भी गीता को याद कर रहे हैं, मैं उन संत-महात्माओं को प्रणाम करती हूं, जिन्होंने इस यात्रा को यहां तक पहुंचाया है। हम सभी को संत महापुरुषों की वाणी को आत्मसात करना चाहिए। गीता जी को हम मन में धारण कर लें तो जीवन की सारी जंग जीत जाते हैं।

**गीता हमें देती है अच्छा कर्म करने का संदेश : धर्मपाल गोंदर**

नीलोखेडी के विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि गीता हमें यही संदेश देती है कि हम बुराई का साथ न दें और बुराई के साथ लडे। हम अच्छा कर्म करेंगे तो हमें अच्छा मिलेगा और बुरा करेंगे तो बुरा मिलेगा। हमें अच्छा कर्म करना चाहिए। हमें अपने बड़े बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए। हमें अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए, ताकि हम समाज में बेहतर कार्य करें। विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि हमारे जीवन में शिक्षा ऐसा धन है, जिसे कोई नहीं बांट सकता। बच्चे देश का भविष्य हैं, अपने देश को सुदृढ़ बनाने के लिए हमें अपने शिक्षकों व माता.पिता का सम्मान करना चाहिए। इस आधुनिक दौर में जहां युवा पीढ़ी पर पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव पड़ रहा है, वहीं आज पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को आमजन तक पहुंचाने का कर्तव्य निभाने का प्रयास प्रत्येक मानव को करना चाहिए।

## दो दिवसीय जापानी पैनल थियेटर वर्कशॉप का हुआ विधिवत समापन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। दो** दिवसीय जापानी पैनल थियेटर वर्कशॉप का आज विधिवत समापन किया गया व इसमें भाग लेने वाली सभी अध्यापिकाओं को विशेष प्रशस्ति व प्रतिभागिता सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस द्वारा आयोजित इस पैनल थियेटर वर्कशॉप में करनाल के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को इस जापानी शिक्षा पद्धति की जानकारी दी गई व इसकी बारीकियों को समझाया गया। शिक्षा को दोतरफा संचार के रूप में मजेदार ढंग से सिखाने वाली इस प्रसिद्ध जापानी तकनीक को सीखने वाले सभी अध्यापकों के आज 6 ग्रुप बनाये गये व हर ग्रुप को किसी न किसी विषय पर कहानी बनाकर पात्रों के माध्यम से पैनल बोर्ड पर प्रस्तुत करने के लिए कहा गया।

इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ परफेक्ट आर्ट्स की अध्यक्षा इतिसुकों फूजीमोतो नंदी, जापानी पैनल थियेटर तकनीक विशेषज्ञ मसायो तनाका व उनके सहयोगियों मियूकी तनाका व मिडोरी योकोयामा ने जापान से लाये गये विशेष पी पेपर से कहानी के पात्र बनाने व उनमे रंग भरने की कला सिखाई व साथ ही यह बताया कि कैसे हम बच्चों को भारी भरकम लगने वाले किसी भी विषय को एक नाटक के रूप में पैनल बोर्ड की मदद से म्यूजिक के साथ समझा सकते हैं।

बच्चों को रट्टू तोता बनने से बचाने वाली जापानी शिक्षा तकनीक पैनल थियेटर की दो दिवसीय कार्यशाला में आज जापान से आये दल ने सभी प्रतिभागियों द्वारा तन्मयता व मेहनत से इस तकनीक के हर पहलू को सीखने व समझने के लिए उनका धन्यवाद किया।

## आंद्रे रसेल की हुंकार- टी20 विश्व कप 2024 में विंडीज देगी सबको कड़ी टक्कर

तारौबा। विंडीज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने कहा है कि वेस्टइंडीज टीम आगामी टी20 विश्व कप 2024 में कुछ टीमों को कड़ी टक्कर देने जा रहा है। वेस्टइंडीज ने 5वें टी20 मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर सीरीज 3-2 से जीत ली। इसके बाद तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर आंद्रे रसेल का मानना ??है कि पुरुष टी20 विश्व कप के दो बार के चैंपियन अगले साल के वैश्विक टूर्नामेंट में कुछ टीमों को कड़ी टक्कर देगी। इस साल विभिन्न टी20ई सीरीज में, वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका, भारत और अब इंग्लैंड पर जीत हासिल की है। वह अब तीसरी बार टी20 विश्व कप जीतने की कोशिश करेंगे जोकि कैरेबियन और यूएसए में 4 से 30 जून तक होना है। रसेल ने कहा कि विश्व कप में उनके पास एक अच्छा मौका है। मुझे बहुत क्रिकेट खेलना है और यह अच्छी बात है। जब आप क्रिकेट खेल रहे होते हैं और प्रतियोगिता में होते हैं, तो आपका शरीर सक्रिय होता है और आप घर पर बैठकर विश्व कप का इंतजार नहीं कर रहे होते। हम निश्चित रूप से कुछ टीमों को टक्कर देने जा रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज में रसेल वेस्टइंडीज के प्रमुख विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, और बल्ले से उनका स्ट्राइक रेट 169.35 था। रसेल ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो, वापस आने और वेस्टइंडीज टीम में शामिल होने के लिए कॉल-अप मिलना बहुत मायने रखता है। मैं पिछले दो वर्षों से काम कर रहा हूं।



## गेंद के अनुसार खेलने से भारत को आस्ट्रेलिया पर बढ़त बनाने में मदद मिली : रिचा घोष

मुंबई । भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष ने कहा कि गेंद के मुताबिक खेलने और समझदारी से बल्लेबाजी करने से मेजबान टीम को यहां चल रहे एकमात्र टेस्ट में आस्ट्रेलिया पर बढ़त बनाने में मदद मिली। भारत ने दो दिन के खेल के बाद आस्ट्रेलिया पर पहली पारी के हिसाब से 157 रन की बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 219 रन के स्कोर के जवाब में दूसरे दिन स्टंप तक सात विकेट पर 376 रन बना लिए थे जिसमें पदार्पण करने वाली घोष ने अपना पहला अर्धशतक जड़ा और जेमिमा रोड्रिग्स के साथ 113 रन की साझेदारी निभाई। घोष ने वानखेड़े स्टेडियम में दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा कि हम गेंद के हिसाब से खेलना चाहते थे। उन्होंने कहा कि अगर गेंद ऐसी होती जिस पर हम स्वीप शॉट लगा पाते तो हमने इस पर स्वीप शॉट लगाया, वर्ना हमने रक्षात्मक होने पर ध्यान लगाया। घोष ने कहा कि जब जेमिमा आयी तो हमारा एकमात्र लक्ष्य भागीदारी बनाने का था कि इसे कैसे आगे बढ़ायें जिससे मुझे प्रेरणा मिली। उन्होंने साथ ही कहा कि बचे हुए खेल में स्पिनरों की भूमिका अहम होने वाली है।



## धोनी के धुरंधर साथी तुषार देशपांडे ने रचाई शादी

मुंबई । महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स के चैंपियन गेंदबाज तुषार देशपांडे ने आखिरकार शादी रचा ली है। तुषार देशपांडे पहली बार तब चर्चा में आए थे, जब उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग के 2023 के सीजन में चेन्नई की टीम की ओर से सर्वाधिक विकेट हासिल किए थे। आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में कई दिग्गज बल्लेबाजों के विकेट लेने वाले तुषार देशपांडे नभा गड्डमवार के प्यार में क्लीन बोल्ड हो गए थे। नभा तुषार की कॉलेज की दोस्त हैं। वह फैशन डिजाइनर भी हैं। उन्होंने जून में ही सगाई भी की थी। इस कपल की सगाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई थीं। दोनों की शादी में बड़ी संख्या में उनके मित्र और करीबी रिश्तेदार शामिल हुए और वर-वधू को आशीर्वाद दिया। इस दौरान आईपीएल और मुंबई टीम के लिए एक साथ खेलने वाले स्टार क्रिकेटर प्रशांत सोलंकी, शिवम दुबे, धवल कुलकर्णी, भावेन ठक्कर शामिल हुए, शिवम दुबे और ऋतुराज गायकवाड़ ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कपल के फोटोज भी शेयर किए। चेन्नई के लिए सर्वाधि?क विकेट लेने के बाद तुषार देशपांडे ने आईपीएल 2023 के बाद धोनी की खुलकर तारीफ की थी। तुषार ने तब कहा था कि धोनी गेंदबाजी के दौरान चीजें सिंपल रखते हैं। तुषार ने कहा था- जो वो (धोनी) कहते हैं... एक सैनिक की तरह मैं उसे फॉलो करता हूं।

# मोहन बागान सुपर जायंट्स के गढ़ में अपराजित अभियान जारी रखने को उतरेगी एफसी गोवा

कोलकाता। मोहन बागान सुपर जायंट्स (एमबीएसजी) कोलकाता स्थित अपने घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 मुकाबले में एफसी गोवा से भिड़ेगी, तो मैरिनर्स का लक्ष्य जीत की राह पर वापस लौटना होगा।

ये दोनों टीमें मुम्बई सिटी एफसी के खिलाफ अपने-अपने पिछले मुकाबले खेल कर आ रही हैं। जहां एफसी गोवा ने आइलैंडर्स के घरेलू मैदान पर गोलरहित ड्रा खेला था, वहीं मैरिनर्स को गरमागरमी भरे मुकाबले में 1-2 की हार का सामना करना पड़ा था, जिसमें कुल मिलाकर सात खिलाड़ियों को मैच रेफरी ने कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर किया था। गोवा की टीम इस सीजन में अब तक अपराजित चल रही है, मुख्य कोच मैनोलो मार्कुएज का आना ऐसे क्लब के लिए अच्छी बहुत अच्छा रहा है जो पिछले कुछ



वर्षों में अपना दबदबा खो चुका था। स्पेनिश कोच ने एफसी गोवा को मजबूत टीम बनाने के लिए तुरंत काम शुरू कर दिया, जिसमें उन्होंने मैदान पर अपनी फिलोस्फी को क्रियान्वित करने के लिए सही प्रोफाइल वाले खिलाड़ियों को शामिल किया।मैरिनर्स का सात मैचों से अपराजित रहने का सिलसिला पिछले मुकाबले में टूट गया, उनको आइलैंडर्स के हाथों करारी हार का मुंह देखना पड़ा। स्पेनिश हेड कोच जुआन फेरांडो ने पिछले मैच के बाद जोर देकर कहा कि उनके पास चोटों और निलंबन के कारण खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी पर विचार करने का समय नहीं है, और उनके पास ऐसी विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए खिलाड़ियों का काफी बड़ा पूल है। एएफसी कप से पहले ही बाहर हो चुके मैरिनर्स घरेलू लीग में किसी तरह की चूक नहीं झेल सकते हैं और इस मैच में जीत उन्हें गौर्स से आगे पहुंचकर तालिका के शीर्ष स्थान पर पहुंचा सकती है।

मोहन बागान सुपर जायंट्स के स्पेनिश हेड कोच जुआन फेरांडो ने आगामी मैच के लिए प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति पर बात करते हुए कहा, 'हमने योजनाएं तैयार कर ली हैं। हमारे पास कम समय है, लेकिन हमारा काम समस्याओं का समाधान ढूंढना है। मैं डरता नहीं हूं, क्योंकि जब भी कोई समस्या आती है तो उसका समाधान ढूंढने का प्रयास करना मेरा काम है।'

## सूर्यकुमार यादव चोटिल, अफगानिस्तान के खिलाफ नहीं खेलेंगे, हार्दिक की होगी परीक्षा

मुंबई । टीम इंडिया से जुड़ी एक और बुरी खबर बाहर आ गई है। वीरवार को जहां टेस्ट सीरीज से पहले अचानक विराट कोहली देश लौट आए तो वहीं, ऋतुराज गायकवाड़ भी चोट के कारण टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए। इसके बाद अब खबर है कि सूर्यकुमार यादव भी चोटिल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि सूर्यकुमार यादव के टखने में ग्रेड-टू चोट है जिस कारण वह वह सात सप्ताह मैदान से बाहर रह सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो वह अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज नहीं खेलेंगे। माना जा रहा है कि सूर्या का पिछले हफ्ते दक्षिण अफ्रीका से लौटने पर स्कैन हुआ था, जहां जोहान्सबर्ग में तीसरे टी20 इंटरनेशनल के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय उनका टखना मुड़ गया था। उन्होंने चोट की गंभीरता का खुलासा किया है। सब कुछ योजना के अनुसार हुआ, तो वह फरवरी के पहले सप्ताह तक फिट हो जाएंगे। इस प्रकार सूर्या 11 जनवरी से घरेलू मैदान पर अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाली तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें ठीक होने में कुछ समय लगेगा। उन्हें अपने पुनर्वास के लिए बाद में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी को रिपोर्ट करना होगा। वह निश्चित रूप से अफगानिस्तान श्रृंखला को मिस करने वाले हैं।

जोहान्सबर्ग में तीसरे टी20 में भारत की जीत के बाद उनकी चोट के बारे में पूछे जाने पर, सूर्या ने कहा था- मैं अच्छा हूं। मैं चल रहा हूं, बहुत अच्छा। सूर्या को टी20 की कप्तानी सौंपी गई थी क्योंकि हार्दिक पंड्या अभी तक 50 ओवर के विश्व कप के दौरान लगी टखने की चोट से उबर नहीं पाए हैं। इस ऑलराउंडर की अभी तक एक्शन में वापसी नहीं हुई है। ऐसे में, बीसीसीआई को अफगानिस्तान सीरीज के लिए नए कप्तान की तलाश करनी पड़ सकती है, जो दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज खत्म होने के कुछ ही दिन बाद शुरू होगी।

# आईएसएल: फॉर्म में चल रही ओडिशा का सामना मेजबान ईस्ट बंगाल से होगा

चेन्नई। एक 18 वर्षीय युवा के रूप में, प्रणय राने ने कबड्डी की दुनिया में अपना नाम बनाने की ठानी और इसलिए, वह अपने इंजीनियरिंग कॉलेज को छोड़कर अपने सपने को प्राप्त करने के लिए मुंबई चले गए। चार साल बाद, राने दुनिया की सबसे बड़ी कबड्डी लीग (पीकेएल) में खिलाड़ियों में से एक है। राने ने लीग द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं एक ही समय में अपनी इंजीनियरिंग की डिग्री और कबड्डी को संतुलित करने में सक्षम नहीं था। इसलिए मेरे पिता ने मुझे इंजीनियरिंग छोड़ने और कबड्डी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा। मैं कबड्डी में प्रशिक्षित करने के लिए अपने गाँव से मुंबई चला गया। मेरा गाँव गोवा के पास है। राने, जो पिछले दो सत्रों के लिए यू मुंबा सेट-अप का हिस्सा रहे हैं, ने आगे कहा, मैंने किराए पर एक कमरा लिया और मैंने एक दोस्त के साथ मुंबई में रहना शुरू कर दिया। घर से दूर रहना वास्तव में मुश्किल था, लेकिन मैं जीवन में प्राप्त करने के लिए दृढ़ था। मुझे अपने दम पर सत्रों का अभ्यास करने के लिए जाना था और मुझे चार साल तक पूरी तरह से अपना ध्यान रखना था। चार साल के लिए कड़ी मेहनत करने के बाद, राने ने टीम के नए युवा खिलाड़ी कार्यक्रम परीक्षणों में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद यू मुंबा टीम में एक स्थान हासिल किया।

उन्होंने कहा, एक साल के लिए मुंबई विश्वविद्यालय के लिए खेलने के बाद, मैं पिछले साल जून में यू मुंबा द्वारा होस्ट किए गए एनवाईपी ट्रायल के लिए गया था।



मुझे वहां चुना गया और सीजन 9 में अपना पीकेएल डेब्यू किया। इतने बड़े मंच पर खेलना वास्तव में अच्छा लगता है। रोशनी के नीचे खेलने के साथ -साथ एक शोर मचाने वाली भीड़ के सामने, राने भी हवाई यात्रा और होटलों में रहने के आदी हो रहे हैं, उन्होंने कहा, मैंने पहली बार यू मुंबा के साथ हवा से यात्रा की। मैं अभी भी हवा से यात्रा करने में बहुत सहज नहीं हूं, लेकिन मुझे इसके साथ ही आदत हो रही है। इसके अलावा, मुझे हमारे होटलों में गद्दे बहुत नरम लगते हैं और इसलिए मैं जमीन पर सोता हूं।ईस्ट बंगाल एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में अपने अपराजित रहने के सिलसिले को बढ़ाने की कोशिश करेगी, जब रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड रात कोलकाता स्थित अपने घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में जबर्दस्त फॉर्म में चल रही ओडिशा एफसी से भिड़ेगी। रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड ने अपने पिछले चार आईएसएल मुकाबलों में तीन ड्रा खेले हैं और एक जीत हासिल की है, जिसमें लीग इतिहास में उनकी अब तक की सबसे बड़ी जीत शामिल है जब उन्होंने यानी नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को 5-0 से रौंदा था। हालांकि, उसके बाद उन्होंने पंजाब एफसी और मुम्बई सिटी एफसी के खिलाफ लगातार गोल रहित ड्रा खेले हैं, और जगरनॉट्स के खिलाफ अपने घरेलू मैदान में स्कोरिंग टच फिर से हासिल करने के लिए उतावले होंगे।सीजन के पहले हाफ के दौरान कुछ सकारात्मक परिणामों के कारण ईस्ट बंगाल एफसी अंक तालिका में शीर्ष छह स्थानों के करीब मंडरा रही है। ये उस टीम के लिए उत्साह बढ़ाने वाले संकेत हैं जो तालिका के निचले हिस्से में काफी पीछे थी और टीम को ऊपर पहुंचाने में कार्ल्स कुआड्राट और उनके लोगों का प्रभाव महत्वपूर्ण रहा है।

ओडिशा एफसी घर से बाहर अले मैच में हैदराबाद एफसी पर 3-0 की शानदार जीत के बाद इस मुकाबले में उतरेगी।

# पीकेएल: गुजरात जायंट्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी यूपी योद्धाज

चेन्नई। जीएमआर ग्रुप के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी यूपी योद्धाज को जीत की राह पर लौटने की उम्मीद होगी जब वे मौजूदा प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के अपने सातवें मुकाबले में आज शाम गुजरात जायंट्स का सामना करने उतरेगी । यह मुकाबला एसडीएटी मल्टीपर्पज इंडोर स्टेडियम, चेन्नई में खेला जाएगा।

यूपी योद्धाज वर्तमान में छह मैचों में 15 अंकों के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। जबकि गुजरात जायंट्स छह मैचों में 18 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। दो वर्षों के लंबे अंतराल के बाद टीम के नोएडा में अपने बहुप्रतीक्षित घरेलू चरण में जाने से पहले यह चेन्नई चरण में यूपी योद्धाज का आखिरी मुकाबला होगा।यूपी योद्धाज, जिन्होंने अब तक अपने छह मुकाबलों में से दो जीते हैं और तीन मैच बराबरी पर हैं, गुजरात जायंट्स के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए उत्सुक होंगे क्योंकि दोनों टीमें अपने आखिरी मुकाबलों में हार का सामना करने के बाद 23 दिसंबर 2023 को मैट पर उतरेंगी। योद्धाज जहां जयपुर पिंक पैंथर्स से 15-23 से हार गए, वहीं जायंट्स को हरियाणा स्टीलर्स के खिलाफ 29-31 से हार का सामना करना पड़ा। ऐतिहासिक रूप से यूपी योद्धाओं का दिग्गजों के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मुकाबला रहा है, जिसमें उन्होंने दो बार जीत हासिल की है और कई बार लूट का बंटवारा किया है, हालांकि पिछले सीज़न में अपने आखिरी मुकाबले में दिग्गजों ने 35-31 की मामूली चार अंकों की जीत के साथ योद्धाओं से बेहतर प्रदर्शन किया।

मैच से पहले पी योद्धाज के मुख्य कोच जसवीर सिंह ने कहा, हम एक समय में एक गेम पर ध्यान दे रहे हैं, और हम अपने आखिरी गेम में अप्रत्याशित त्रुटियों से अवगत हैं। एक टीम के रूप में हम कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं और कल गुजरात जायंट्स के खिलाफ अनुकूल परिणाम को लेकर आश्वस्त हैं। टीम बहुत उत्साहित है क्योंकि नोएडा में अपने होम लेग में जाने से पहले यह हमारा आखिरी गेम होगा और यह कल चेन्नई में हमारे आखिरी मुकाबले में हमारे लिए बहुत जरूरी उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा।

## आईपीएल 2024 में किस टीम के पास है ओवरपेड क्रिकेटर, एबी डिविलियर्स ने एक लाइन में बताया

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी के दौरान कोई प्लेयर महंगा नहीं बिका है। ऑस्ट्रेलियाई विश्व कप विजेता सितारे पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क ने नीलामी में इतिहास रचा था। दोनों आईपीएल इतिहास में ऐसे खिलाड़ी बने जिन्होंने 20 करोड़ से ज्यादा की बोली हासिल की। इससे पहले यह रिकॉर्ड सैम कुरेन के नाम पर था जिन्हें 18.50 करोड़ में पंजाब किंग्स ने अपने साथ मिलाया था। बहरहाल, डिविलियर्स से जब पूछा गया कि नीलामी में क्या कोई प्लेयर ओवरपेड हुआ है तो उन्होंने इससे साफ इंकार कर दिया और साथ ही कहा कि पिछली बार ऐसा हुआ था। सैम कुरैन मुझे लगता है कि जिन्हें ज्यादा पेमेंट दी गई।

डिविलियर्स ने कहा कि मुझे विवादास्पद होना पसंद नहीं है। लेकिन, मेरी राय में, पिछले कुछ वर्षों से उसे (सैम कुरैन) अधिक वेतन दिया जा रहा है। वह कोई बुरा खिलाड़ी नहीं है; मैं उसे पसंद करता हूं। उनका विश्व कप शानदार रहा था। लेकिन यह काफी साल पहले की बात है। मुझे नहीं लगता कि उनका हाल ही में प्रदर्शन अच्छा रहा है। इंग्लैंड के लिए भी वह असाधारण खेल नहीं दिखा पाए हैं। डिविलियर्स ने यह भी कहा कि पीबीकेएस को 2024 की नीलामी में अधिक खिलाड़ियों को खरीदने के लिए फंड खोलने के लिए उन्हें (सैम कुरैन) को छोड़ देना चाहिए था। वह अधिकांश विश्व स्तरीय खिलाड़ियों की तरह चीजों को बदल सकता है। सैम कुरेन के खिलाफ कुछ भी नहीं। मुझे अभी भी लगता है कि



वह एक अद्भुत खिलाड़ी है। मुझे लगता है कि उसे कुछ वर्षों से अधिक भुगतान किया गया है। शायद यह उनके लिए एक अच्छा कदम होता उन्हें अलग-अलग खिलाड़ियों को खरीदने के लिए कुछ फंड खोलने देते।

# छतरपुर: वेस्ट जोन महिला कबड्डी प्रतियोगिता में एमसीबीयू, छतरपुर की टीम ने जीता दूसरा मैच

छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी, छतरपुर के तत्वावधान में भारतीय विश्वविद्यालय संघ के निर्देशानुसार 21 दिसंबर से हो रहे पश्चिमक्षेत्र अंतरविश्वविद्यालयीन (वेस्ट जोन) महिला कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को अनेक शानदार मैच खेले गए। आज तीसरे दिन और भी रोमांचक मैच देखने मिलेंगे।

जानकारी के अनुसार महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी ने विक्रम यूनिवर्सिटी, उज्जैन की टीम को हरा कर अपना विजय अभियान जारी रखा। एमसीबीयू की जीत पर दर्शकों ने टीम को नकद राशि इनाम में दी। एमसीबीयू सहित अन्य जीती हुई टीमों को कुलपति प्रो शुभा तिवारी, प्रति कुलपति डा डीपी शुक्ला, संचालक शारीरिक शिक्षा डा बीपीएस गौर तथा पूरी आयोजन समिति ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी सफलता हेतु शुभकामनाएं दी हैं।

दूसरे दिन शुक्रवार को संपन्न हुए महिला कबड्डी मैचों में दर्शकों



को बहुत रोमांचक खेल देखने को मिले। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सतारा विश्वविद्यालय की टीम ने जलगांव महाराष्ट्र की टीम को, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर ने जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर को, पं. दीनदयाल उपाध्याय, विश्वविद्यालय सीकर की टीम ने भारतपुर विश्वविद्यालय को हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। पुणे विश्वविद्यालय पुणे ने कोल्हापुर महाराष्ट्र को, राजा शंकर साहब विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा ने गांधीनगर विश्वविद्यालय को हराकर तीसरे राउंड में प्रवेश किया। बड़ौदा विश्वविद्यालय ने अमरावती को, कोटा विश्वविद्यालय ने गुजरात यूनिवर्सिटी को हराया।

# यूपी योद्धाज़ ने होम लेग के लिए टिकटिंग पार्टनर के रूप में पेटीएम इनसाइडर के साथ किया करार

नोएडा। दिल्ली एनसीआर में कबड्डी प्रशंसकों के लिए 2024 की शानदार शुरुआत होने वाली है, क्योंकि प्रो कबड्डी लीग में उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली जीएमआर ग्रुप की फ्रेंचाइजी यूपी योद्धाज़ ने आज ही 29 दिसंबर 2023 से शुरू होने वाले अपने होम लेग के लिए पेटीएम इनसाइडर को टिकटिंग पार्टनर के रूप में जोड़ने की घोषणा की है। यूपी योद्धाज़ वर्तमान में छह मैचों में 15 अंकों के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर हैं।

यूपी योद्धाज़ का होम लेग 29 दिसंबर 2023 से 3 जनवरी 2024 तक सभी दिन नोएडा, उत्तर प्रदेश के नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा। प्रशंसक एंड्रॉइड और आईओएस डिवाइस पर पेटीएम इनसाइडर एप्लिकेशन या पेटीएम इनसाइडर वेबसाइट से अपने टिकट खरीदकर सभी गतिविधियों को



अपनी आंखों के सामने लाइव देख सकते हैं।

यूपी योद्धाज़ के घरेलू चरण में छह दिनों में 11 रोमांचक खेल होंगे, जो 29 दिसंबर 2023 से शुरू होकर 3 जनवरी 2024 तक डबल हेडर प्रारूप में चलेगा (2 जनवरी 2024 को छोड़कर)। सभी खेलों के टिकट नॉर्थ स्टैंड के लिए 150 रुपये से शुरू होकर वीआईपी साउथ स्टैंड के लिए 3000 रुपये तक में उपलब्ध हैं।

29 दिसंबर 2023 को होम लेग की शुरुआत से पहले बोलते हुए, जीएमआर लीग गेम्स के सीईओ पीकेएसवी सागर ने कहा, दो साल के अंतराल के बाद अपने प्रशंसकों के लिए घर आना वास्तव में जीएमआर में हम सभी के लिए एक खूबसूरत लम्हा है। हमारे और हमारे प्रशंसकों के लिए नए साल का जश्न और भी बड़ा हो गया है क्योंकि इस बार हमारा होम लेग 2024 का स्वागत करते हुए खेला जा रहा है। हमारा अब तक मिश्रित प्रदर्शन रहा है लेकिन टीम बहुत सकारात्मक स्थिति में है और यह अच्छी खबर है। हमें विश्वास है कि हमारा घरेलू समर्थन हमें ऊर्जावान प्रदर्शन करने और अनुकूल परिणाम प्राप्त करने में सक्षम करेगा, जिससे हमारे प्रशंसकों को खुशी मिलेगी जो हमें अपनी आंखों के सामने लाइव देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## भारत के अभिमन्यु पौराणिक बने सनवे सिट्जस शतरंज के विजेता



सिट्जस , स्पेन। यहाँ सम्पन्न दसवें सनवे सिट्जस इंटरनेशनल शतरंज का खिताब भारत के ग्रांड मास्टर अभिमन्यु पौराणिक नें अपने नाम कर लिया है । अभिमन्यु नें 50 देशो 329 खिलाड़ियों के बीच 10 राउंड में 8 जीत और एक ड्रॉ और एक हार के साथ 8.5 अंक बनाकर खिताब अपने नाम किया । अभिमन्यु नें अंतिम राउंड में हमवतन एसपी सेथुरमन को सफ़ेद मोहरो से कारो कान ओपनिंग में पराजित करते हुए यह उपलब्धि हासिल की । वही 8 अंक पर तीन खिलाड़ी रहे जिनमें अंतिम राउंड में भारत के सीआरजी कृष्णा को पराजित करते हुए यूएसए के जेकबसन ब्रांडोन नें दूसरा स्थान हासिल किया । अरविंद चिंताबरम नें अंतिम राउंड में रूस के मुरजिन वोलोदर से ड्रॉ खेलते हुए तीसरे स्थान पर रहे । अन्य भारतीय खिलाड़ियों में 7.5 अंक बनाकर एसपी सेथुरमन छठे, इनियन पी सातवें और राजा ऋत्विक दसवें स्थान पर रहे ।

# खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी: दूसरे दिन स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर, साई शक्ति, घुम्मनहेरा, साई बाल ने दर्ज की जीत

नई दिल्ली। दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के पहले चरण के दूसरे दिन खेलो इंडिया स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़, साई शक्ति टीम, घुम्मनहेरा राइजर हॉकी अकादमी और साई बाल टीम ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। दिन के पहले मैच में खेलो इंडिया स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़ ने राजा करण हॉकी अकादमी को 6-0 से हराया। खेलो इंडिया स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़ के लिए मधु सिदार (3', 11', 43', 54') ने चार गोल किए, जबकि दामिनी खुसरो (55') और राधिका (60') ने एक-एक फील्ड गोल किया।

**साई शक्ति टीम ने दर्ज की शानदार जीत:** दिन के दूसरे मैच में साई शक्ति टीम ने अनंतपुर स्पोर्ट्स एकेडमी को 20-0 से हराया। पूर्णिमा यादव (6', 18', 47', 49') ने चार गोल किए, रवीना (2', 39', 46'), कैप्टन काजल (4', 35', 49') और बिनाती मिंज (10' 57', 58') ने हैट्रिक बनाई, निशा दादेल (25', 26') और साक्षी (43', 54') ने दो-दो गोल किये, जबकि खुशी (11'), प्रियंका (15') और नवरूप कौर (53') ने 1-1 गोल किया। दिन के तीसरे मैच में घुम्मनहेरा राइजर्स हॉकी अकादमी ने जय भारत हॉकी अकादमी को 3-1 से हराया। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद, घुम्मनहेरा राइजर्स हॉकी अकादमी के लिए दीपिका (33') ने गोल किया, लेकिन आशी (35') ने तुरंत जय भारत हॉकी अकादमी के लिए बराबरी का गोल किया।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 24 दिसंबर 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## नतमस्तक होकर किसानों को देते हैं सम्मानः योगी



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। जहां किसानों का सम्मान होता है। उनके परिश्रम व पुरुषार्थ के सामने शासन नतमस्तक होकर सम्मान देता है। आपका परिश्रम व पुरुषार्थ न केवल यूपी का सम्मान बढ़ा रहा है, बल्कि विकास यात्रा का हिस्सा बनकर यूपी को देश की बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने में मदद कर रहा है। आपके परिश्रम का परिणाम है कि हमने कृषि विकास की दर को 9 फीसदी तक पहुंचाया है। पीएम के विजन के अनुरूप आने वाले समय में प्रदेश को 2027-28 तक वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनना है तो वर्तमान की विकास दर को इससे तीन गुना रफ्तार से आगे बढ़ाना होगा। यह बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर शनिवार को किसान सम्मान दिवस के अवसर पर लोकभवन में कहीं। सीएम ने यहां किसान मित्र एआई ऐप का शुभारंभ किया और कृषकों, कृषि उद्यमियों, एफपीओ व कृषि वैज्ञानिकों का सम्मान भी किया। कार्यक्रम में लघु फिल्म दिखाई गई। सीएम ने किसानों की यशगाथा विकास यात्रा पुस्तिका का विमोचन भी किया। सीएम ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से किसानों को दी जा रही सुविधाओं की भी चर्चा की। चौधरी साहब कहते थे- जब तक किसान गरीब रहेगा, भारत अमीर नहीं हो सकता

### किसान सम्मान

**8 सीएम ने कृषि उद्यमियों व कृषि वैज्ञानिकों का किया सम्मान, किसान मित्र एआई ऐप का किया शुभारंभ**

सीएम ने कहा कि चौधरी चरण सिंह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अच्छे प्रशासक व महान किसान नेता थे। उन्होंने स्नातकोत्तर की पढ़ाई लॉ से की थी, लेकिन किसान व कृषि पृष्ठभूमि के कारण उनकी स्पष्ट राय थी। उन्होंने कहा कि जब तक किसान गरीब रहेगा, भारत अमीर नहीं हो सकता। ग्रामीण भारत ही असली भारत है। भारत वर्ष की समृद्धि का मार्ग खेत-खलिहान से होकर गुजरता है। जागरूक जनशक्ति ही सबसे बड़े लोकतंत्र का आधार है। चौधरी चरण सिंह ने अनेक कार्यों के जरिए अपने समय में किसानों के जीवन में बदलाव के अभियान को बढ़ाया था। सीएम योगी ने कहा कि साढ़े 9 वर्ष में हमने बदलते भारत को देखा है। पहली बार अन्नदाता किसानों ने महसूस किया कि वे भी किसी सरकार के प्राथमिक एजेंडे का हिस्सा हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में पीएम किसान फसल बीमा, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, लागत का डेढ़ गुना दाम एमएसपी, पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों के जीवन में परिवर्तन किया गया।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोहः अभेद्य है राम मंदिर परिसर की सुरक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**उत्तर प्रदेश के** अयोध्या में 70 एकड़ जमीन पर बनाए जा रहे राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर परिसर की सुरक्षा को अभेद्य बनाया जा रहा है। राम मंदिर परिसर में आतंकियों द्वारा हमला करने की धमकियां आती रहती हैं। अब मंदिर परिसर, पूरी तरह 'नो-फ्लाइंग जोन' घोषित हो चुका है। ड्रोन, हवाई जहाज या चॉपर, यहां से नहीं गुजर सकेंगे। फिदायीन अटैक और डार्क नेट जैसे खतरों से राम मंदिर की बेजोड़ सुरक्षा व्यवस्था की गई है।



परिसर के '6' स्तरीय सुरक्षा घेरे में सेंध लगाना आसान नहीं है। सुरक्षा बलों को 'जी 20' शिखर सम्मेलन की तरह विशेष पास जारी किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी सुरक्षा कर्मी अपनी ड्यूटी से इधर-उधर न हो सके। मंदिर परिसर और उसके आसपास लगभग छह सौ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लैस सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। अयोध्या में सीआरपीएफ, यूपीएसएसएफ, पीएसी और सिविल पुलिस चप्पे-चप्पे पर मौजूद है। कई बार ऐसे इनपुट मिलते रहे हैं कि राम्२२१ मंदिर के सुरक्षा घेरे को तोड़ने के लिए विदेशी आतंकी समूह सक्रिय हैं। इनमें अफगानिस्तान और पाकिस्तान के आतंकी समूह शामिल हैं। ये समूह, नेपाल सीमा के जरिए मंदिर पर हमला करने की रणनीति बनाते रहते हैं। मंदिर पर फिदायीन अटैक का भी एक बड़ा खतरा रहा है। इस तरह के इनपुट में ऐसी संभावना जताई गई है कि मंदिर में 'पुलिस और फौज' की वर्दी पहनकर आतंकी हमला हो सकता है।

## 'इंडिया' गठबंधन भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे लोगों का समूह'

**टीम एक्शन इंडिया/बंगलूरू**

**केंद्रीय मंत्री** अनुराग ठाकुर ने शनिवार को विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन को भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे नेताओं का एक ऐसा समूह करार दिया, जिनकी कोई समान विचारधारा या राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए ठाकुर ने कहा कि विपक्षी गठबंधन ने हाल ही में विधानसभा चुनावों में अपनी हार से हताश होकर संसद के शीतकालीन को बाधित किया। अनुराग ठाकुर की यह टिप्पणी तब सामने आई है, जब एक दिन पहले इंडिया गठबंधन ने शीतकालीन सत्र के दौरान 146 सांसदों के निलंबन के खिलाफ राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन किया। 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया था। इसके बाद से इंडिया गठबंधन केंद्रीय गृहमंत्री से इस मामले पर बयान की मांग कर रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा, गठबंधन कहा है? वे पंजाब में संघर्ष कर रहे हैं, वे अन्य राज्यों में संघर्ष कर रहे हैं। वे एक आवाज में नहीं बोल सकते।







